26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 17 नवम्बर, 2025

अंक- 24 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

## मक्का से मदीना जा रही बस टैंकर से टकराई

# उमराह पर गये 42 भारतीय ज़िंदा जले

**रियाद (एजेंसी/चिंगारी)।** सऊदी अरब में आज तड़के एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें कम से कम 42 भारतीय उमरा यात्रियों के मारे जाने की आशंका है। इनमें से कई यात्रियों के तेलंगाना के हैदराबाद से होने की जानकारी सामने आई है। हादसा उस समय हुआ जब मक्का से मदीना जा रही एक बस मुफ्रिहात इलाके के पास एक डीजल टैंकर से टकरा गई। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि कई लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय प्रशासन और आपातकालीन टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए.रेवंत रेड्डी ने इस घटना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव के. रामकृष्णा राव और डीजीपी बी. शिवाधर रेड्डी को तुरंत पूरी



जानकारी जुटाने के निर्देश दिये हैं। राज्य सरकार विदेश मंत्रालय (MEA) और सऊदी दूतावास के साथ मिलकर प्रभावित परिवारों की मदद के प्रयास कर रही है। पीड़ितों के परिजनों को जानकारी उपलब्ध कराने के लिए तेलंगाना सचिवालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है और ये हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं- - 7997959754, 99129 19545।

### विदेश मंत्री ने जताया दु:ख

विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने भी हादसे पर गहरा दु:ख जताते हुए कहा कि रियाद स्थित भारतीय दूतावास और जेद्दा का वाणिज्य दूतावास प्रभावित भारतीयों और उनके परिवारों को पूरी मदद प्रदान कर रहा है। अपने ट्वीट में उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। सऊदी अरब के मुफ्रिहात इलाके में मक्का से मदीना जा रही बस के डीजल टैंकर से टकराने पर हुए भीषण हादसे में कम से कम 42 भारतीय उमरा यात्रियों के मारे जाने की खबर है। इसमें कई यात्री हैदराबाद के बताए जा रहे हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कई लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और कई घायल हुए।

### भारतीय वाणिज्य दूतावास ने जारी किया टोल-फ्री नंबर

हादसे के मद्देनजर जेद्दा स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने भी 24×7 कंट्रोल रूम स्थापित किया है। वाणिज्य दूतावास ने एक टोल-फ्री नंबर 8002440003 भी जारी किया है। प्रशासन पीड़ितों और घायलों के बारे में और विस्तृत जानकारी जुटा रहा है।

## महिला के गले से चेन खींचने वाला पुलिस मुठभेड़ में हुआ लंगड़ा

बिजनौर (चिंगारी)। थाना कोतवाली शहर बिजनौर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान महिला के गले से सोने की चेन झपटने वाले एक बदमाश को लंगड़ा कर दिया। उसके दो साथी अभी फरार हैं। उल्लेखनीय है कि एक नवम्बर को बाइक सवार दो बदमाशों ने बिजनौर के मोहल्ला नई बस्ती से एक महिला के गले से सोने की चेन झपट ली थी। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस के आला अफसरों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर बदमाशों को पकड़ने के लिये पुलिस की कई टीमों का गठन किया था। सीओ सिटी संग्राम सिंह के अनुसार बीती रात करीब सवा दो बजे बैराज रोड से ईदगाह को जाने वाले मार्ग पर पुलिस द्वारा चैकिंग की जा रही थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस द्वारा पीछा करने पर उसने पुलिस पर फायर झोक दिया। जवाब में पुलिस ने फायरिंग की तो बदमाश के पैर में गोली लग गई। वह लड़खड़ा कर गिर गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के अनुसार पकड़े गये बदमाश ने अपना नाम संजय उर्फ शिवा पुत्र मंगत सैनी निवासी ग्राम झिटकरी थाना सरधना (मेरठ) बताया। पुलिस



को उसके पास से पीली धातु की एक चेन, 315 बोर का एक तमंचा बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार बरामद चेन उसने एक नवम्बर को मोहल्ला नई बस्ती से महिला के गले से खींची थी। पकड़े गये शिवा ने बताया कि वह अपने साथी सुशील उर्फ मानव निवासी भूपेंद्रनगर मोदीनगर के साथ मिलकर चेन खींचते हैं और चोरी आदि करते हैं। चोरी व लूटा गया माल वे अपने साथी शीशपाल निवासी समसपुर खेड़ा थाना कोतवाली देहात बिजनौर को देते हैं, जो माल को ठीकठाक कीमत पर बेच देता है और फिर हम तीनों पैसे आपस में बांट लेते हैं। पुलिस सुशील उर्फ मानव व शीशपाल को तलाश कर रही है।

## 19 नवंबर को भंग होगी बिहार विधानसभा, सीएम नीतीश कुमार ने राज्यपाल को सौंपा प्रस्ताव

**पटना (एजेंसी/चिंगारी)।** आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए बड़ा दिन है। पहले सीएम मंत्रिमंडल की बैठक में यह वर्तमान सरकार की अंतिम कैबिनेट खत्म हो गई। इस बैठक में 17वीं विधानसभा भंग करने की सिफारिश की गई। सभी मंत्रियों ने अपना इस्तीफा दे दिया। इसके बाद सीएम नीतीश कुमार राजभवन पहुंचे, वहां उन्होंने कुछ राज्यपाल से बातचीत की। इसके बाद राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को विधानसभा भंग करने का प्रस्ताव सौंप दिया। 19 नवंबर को मौजूदा विधानसभा भंग हो जाएगी। जनता दल यूनाईटेड विजय चौधरी ने कहा कि राजभवन में सीएम नीतीश कुमार ने विधानसभा भंग करने का प्रस्ताव राज्यपाल को सौंप दिया। मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि कैबिनेट की बैठक में विधानसभा भंग करने की



सिफारिश कर दी गई है। 20 नवंबर को नई सरकार का शपथ ग्रहण होगा। पीएम मोदी भी इसमें शामिल होंगे। इधर, कैबिनेट की बैठक शुरू होने से पहले उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सीएम हाउस पहुंचे। उनके साथ कुछ अन्य मंत्री भी थे। इसके बाद सभी मंत्री सीएम नीतीश कुमार के साथ सचिवालय पहुंचे, यहां बैठक शुरू हुई। इधर, सचिवालय के अंदर किसी को भी अंदर जाने नहीं दिया गया। राजभवन के बाहर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। इधर, राजभवन से निकलने के बाद नीतीश कुमार अपनी पार्टी के नेताओं के साथ विधायक दल की बैठक करेंगे। जदयू के नेता सीएम नीतीश कुमार को विधायक दल का नेता चुनेंगे। मंगलवार को भाजपा के विधायक दल की बैठक होगी।

तत्सव हेल्थ केयर
तत्सव HEALTHCARE
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर
निकट महादेवपुरम कॉलोनी, मण्डावर रोड, बिजनौर (उ.प्र.)
सम्पर्क सूत्र : 8279960281

तत्काल आवश्यकता है हॉस्पिटल स्टॉफ की

हॉस्पिटल स्टॉफ, ओ.टी. तकनीशियन एवं आई.सी.यू. स्टॉफ, एक्स-रे तकनीशियन नर्सिंग स्टाफ (मेल/फीमेल), मेल स्वीपर

- ओ0टी0 तकनीशियन डिप्लोमा अनिवार्य
- नर्सिंग स्टाफ (B.Sc. नर्सिंग/GNM/ANM अनिवार्य)
- मेल स्वीपर
- अनुभव 1 वर्ष से अधिक
- कृपया रिज्यूम के साथ इंटरव्यू में प्रवेश करे
- वेतन अनुभव व योग्यता अनुसार
- कृपया इच्छुक अभ्यार्थी सम्पर्क करें।

इंटरव्यू का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक (सोमवार से शनिवार)

Male and Female both can apply

आवश्यकता

बिजनौर स्थित एक प्रतिष्ठित पैथोलॉजी लैब पर।

1. लैब टैक्नीशियन- 3 (अनुभव 5 वर्ष)
2. कम्प्यूटर ऑपरेटर (फीमेल)- 2 (अनुभव 2 वर्ष)
3. मैनेजर- 1 (अनुभव 2 वर्ष)

सम्पर्क करें- 8394942102

कॉल करने का समय 11 AM to 2 PM

Now In Bijnor

Carrier Midea

CARRIER MIDEA INDIA

(Air Conditioners)

For Trade Enquries called

Authorised Distributor

VINSUR PRODUCTS

Geeta Nagari, Bijnor 246701

Mob.: 9219690223

# लौह पुरुष की जयंती पर नगर में निकली विशाल एकता पदयात्रा






## यात्रा का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

**बिजनौर (चिंगारी)।** देश के प्रथम गृहमंत्री लौहपुरुष एवं भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर नगर में विशाल एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा से पूर्व वर्धमान कालेज के मैदान में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया, जिसे संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश सतेन्द्र सिसौदिया ने सरदार पटेल की एक राष्ट्र, श्रेष्ठ राष्ट्र की नीतियों की जमकर प्रशंसा करते हुए उन्हें आधुनिक भारत का निर्माता बताया। श्री सिसौदिया ने पटेल जी की जयंती के अवसर पर इतने भव्य व ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिये सदर विधायक श्रीमती सुचि मौसम चौधरी व ऐश्वर्य मौसम चौधरी की मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी कार्यक्रम में उमड़े विशाल जनसमूह को देखकर इतने उत्साहित हुए कि उन्होंने कार्यक्रम की तुलना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा से कर की। सदर विधायक श्रीमती सुचि मौसम चौधरी ने भारी संख्या में पधारे क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने द्वारा कराये गये विकास कार्यों की विस्तृत चर्चा की।



ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने कहा कि आज के विशाल जनसमूह में निखरते व बदलते भारत की शक्ति के दर्शन हो रहे हैं। उन्होंने पदयात्रा के दौरान व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र चौधरी ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बताया। इससे पूर्व अतिथियों को बुके देकर व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित कर किया गया। समाचार लिखे जाने तक पदयात्रा जारी थी। कार्यक्रम के लिये भव्य मंच बनाया गया था,

## भारी भीड़ देख गद्गद् हुये आयोजक

जिस पर बिजनौर चेयरपर्सन श्रीमती इन्दिरा सिंह, झालू नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी, पूर्व मंत्री महावीर सिंह, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर, अनूप बाल्मीकि, तेजपाल वर्मा, सुबोध पाराशर, उदय पाल सिंह, राजेन्द्र कुमार (कालू), हरजिंदर कौर, पूनम गोयल, माया देवी, हेमेंद्र पाल सिंह, वेदप्रकाश विश्वकर्मा, महेंद्र धनौरिया आदि अनेक जिला पंचायत सदस्य, समितियों के अध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख मंचासीन रहे। इससे पूर्व कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सुबह से ही वर्धमान कॉलेज के मैदान में क्षेत्रवासियों की भीड़ पहुंचना शुरू हो गई थी। सभा स्थल पर महिलाओं व पुरुषों के लिये अलग व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम जितना भव्य था व्यवस्था भी उतनी ही सुदृढ़ रही। बैठने के लिए ब्लॉकवार व्यवस्था की



गई थी। सभा स्थल पर डॉक्टर्स, भोजन व जलपान आदि की समुचित व्यवस्था भी की गई थी। युवाओं में जबर्दस्त जोश व उत्साह था। वे पीली पगड़ी व नर सेवा नारायण सेवा की टोपी लगाये हुये थे। वे हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता व सरदार पटेल के जयकारे लगाते हुए ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचते हुए टोलियों के रूप में चल रहे थे। कार्यक्रम में महिलाओं की संख्या भी काफी अधिक रही। कुछ महिलाएं तिरंगे रूपी साड़ी में नजर आईं। कुल मिलाकर सदर विधायक सुचि मौसम चौधरी व ऐश्वर्य मौसम चौधरी के प्रति क्षेत्रवासियों के सहयोग ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया। जहां-जहां से पदयात्रा गुजरनी थी वहां-वहां भव्य स्वागत द्वार बनाये गये थे। जगह-जगह टैंट लगाकर समर्थकों द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। नई बस्ती में सभासद दीपक गर्ग मोनू द्वारा शिव-पार्वती की झांकी सजाई गई। सभासद घनश्याम दास गुप्ता ने भी सरदार पटेल का भव्य चित्र लगाया था, जिस पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। पदयात्रा के रास्ते में जगह-जगह कारपेट बिछाये गये।

## मूर्ति देवी बाल मंदिर में मेले का किया गया आयोजन



नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय मूर्ति देवी सरस्वती बाल मंदिर विद्यालय के छात्रों के लिए देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस पर बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक डॉ. अतुल बहादुर सक्सेना एवं नीरज जैन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बाल मंदिर की प्रधानाचार्या श्रीमती अरुणा कौशिक द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय की सभी अध्यापिकाओं ने संयुक्त रूप से सहयोग किया। इस मेले में विद्यालय की प्रबंध समिति के सदस्य शिवकुमार माहेश्वरी एवं नरेश वैद्य भी सम्मिलित हुये। छात्रों ने मेले का आनंद पूर्ण रूप से लिया। जिसमें नई-नई स्टॉल लगाई गई। मेले में एक स्टॉल पर्यावरण से संबंधित भी लगाई गई, जिसमें छात्रों को पर्यावरण बचाने के बारे में बताया गया।

## करियर गाइडेंस मेले का आयोजन किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। राजकीय हाईस्कूल पाड़ला किरतपुर में करियर गाइडेंस मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती चंद्र वरुण देशबंधु, प्रधानाचार्या जीजीआईसी किरतपुर, श्रीमती कविता शर्मा प्रवक्ता जीजीआईसी किरतपुर ने छात्र-छात्राओं को करियर के बहुत से विकल्पों के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया एवं छात्र छात्राओं को अपनी रुचि के अनुरूप विषय लेने के लिए प्रेरणा दी। करियर मेले में छात्र-छात्राओं ने पंख डायरी व करियर से जुड़े मॉडल प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या श्रीमती आयशा सुल्ताना, लक्ष्मी पाल, श्रीमती हिमानी, हिमांशु कुमार, श्रीमती रेनू, श्रीमती प्रीति श्रीमती सुषमा, श्रीमती ऋतु ने योगदान दिया।



# सौरभ को गुलदार ने नहीं मारा था, पिता ने की थी उसकी हत्या

## पुत्रवधू पर रखता था बुरी नज़र, सौरभ की लाश मिलने के बाद पिता ने उड़ा दी थी गुलदार के हमले की अफ़वाह

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम तिसोतरा निवासी सौरभ तोमर की मौत गुलदार के हमले से नहीं हुई थी बल्कि पुत्रवधू पर बुरी नजर रखने वाले उसके पिता ने सौरभ की फावड़े से गर्दन काटकर हत्या की थी। पुलिस ने कलयुगी पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

ज्ञातव्य है कि 15 नवम्बर को अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे नांगल क्षेत्र के ग्राम सादुल्लानगर उर्फ तिसोतरा निवासी युवक सौरभ तोमर (30 वर्ष) का शव उसी के गन्ने के खेत में पड़ा मिला था। युवक 12 नवम्बर को अपराह्न करीब दो बजे से अपने खेत से लापता था। उसके पिता सुभाष तोमर ने खेत से निकलते हुए शव देखने की बात कही थी। सुभाष ने गुलदार द्वारा हमला कर सौरभ को मार डालने की अफवाह फैला दी थी। उसने आनन- फानन में सौरभ का अंतिम संस्कार करने के लिये अर्थी भी बनानी शुरू कर दी थी, लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज होने के चलते पोस्टमार्टम को जरूरी बताते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवा दिया था। गले के अलावा कहीं और से शरीर के ना खाये होने तथा किसी और जगह गुलदार के पंजे या दांत के निशान नजर ना आने के कारण वनकर्मी तथा ग्रामीण सौरभ की मौत को संदिग्ध मान रहे थे। घटना के बाद से ही क्षेत्र में तमाम तरह की चर्चायें शुरू हो गई थीं। कल देर शाम पोस्टमार्टम रिपोर्ट थाने पहुंची, तो स्पष्ट हो गया कि युवक की हत्या की गई है। क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह, स्थानीय पुलिस तथा एसओजी ने तभी से हत्या के खुलासे को भागदौड़ शुरू कर दी थी। बीती रात्रि मृतक की पत्नी मोन्टी ने थाने में दर्ज कराये मुकदमे में कहा था कि उसकी शादी 7 वर्ष पूर्व सौरभ तोमर से हुई थी, परंतु उसकी कोई संतान न होने के कारण उसका ससुर सुभाष तोमर उस पर बुरी नजर रखता था। पता चलने पर सौरभ का अपने पिता से विवाद हो गया था। तभी से उसका ससुर उसके पति से रंजिश रखने लगा था। 12 नवम्बर को अपराह्न लगभग 2 बजे जब उसका पति खेत पर गया था तो उसके ससुर ने उसकी हत्या कर दी थी। तब ससुर ने डरा-धमकाकर रिपोर्ट दर्ज कराने से रोक दिया था।


सौरभ तोमर का फाइल फोटो

पुलिस सूत्रों के अनुसार सुभाष तोमर ने पहले अपने पुत्र को मारने के लिये उसके ऊपर तमंचे से गोली चलाई लेकिन सुभाष को गोली नहीं लगी। उसके बाद पिता सुभाष ने उसके सिर पर फावड़े की मूंद (पीछे का भारी हिस्सा) मार दिया। जब वह नीचे गिर गया, तो उसकी गर्दन फावड़े से काटकर उसे मौत के घाट उतार दिया। अवैध तमंचा उसने गन्ने के खेत में दूर फेंक दिया था। पुलिस ने पुत्रहंता सुभाष पुत्र मनफूल को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर तमंचा और फावड़ा बरामद कर लिया है।

माँ कामाख्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
निकट भारत पेट्रोल पम्प
मौ. बुखारा, नूरपुर रोड, बिजनौर
7983187749
8755001105
आपके शहर बिजनौर में पहली बार
एडवांस नेत्र एवं मोतियाबिन्द सर्जरी सेन्टर
(जापानी दूरबीन और स्वीटजरलैण्ड की फेको मशीन द्वारा ऑपरेशन)



डॉ. पल्लवी एम. जैन
M.B.B.S., M.S. (KGMC Lucknow)
Fellowship in Cornea & Refractive Surgery
Aravind Eye Hospital, Kolkata
नेत्र रोग विशेषज्ञ
24/7 SERVICE
परामर्श समय
प्रातः 10:30 से सायं 7:30 बजे तक
आयुष्मान कार्ड द्वारा आँखों का निःशुल्क ऑपरेशन
उपलब्ध सुविधाएँ
- अत्याधुनिक जापानी दूरबीन (Takagi) एवं Switzerland की Oertli Catarhex III, Phaco मशीन द्वारा आँख में कृत्रिम लेंस (IOL) लगाना।
- बिना टॉके, बिना दर्द (फेको विधि) द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन।
- आँख के परदे (Retina) की अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा जाँच।
- नाखूना, परवाल एवं नासूर के उपचार व ऑपरेशन।
- काला पानी (काला मोतिया) का उपचार एवं ऑपरेशन।
- पुतली के रोगों का इलाज एवं पुतली में इंजेक्शन लगाने की विशेष सुविधा।
- कम्प्यूटर द्वारा चश्मे का नम्बर की जाँच।

# अंतिम संस्कार से लौटे जीजा-साले की सड़क दुर्घटना में मौत

## परिजनों में कोहराम मचा

**शेरकोट ( चिंगारी )।** रविवार की देर शाम यहां अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम भूतपुरी के निकट वनवे चल रहे हाइवे पर एक बाइक अनियंत्रित होकर पीछे से बुग्गी में घुस गई, जिससे बाइक सवार जीजा-साले की मौत हो गई जबकि एक महिला मामूली रूप से घायल हो गई। बाइक सवार अंतिम संस्कार से लौट रहे थे।

अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम शाहपुर जमाल निवासी हरिराज सिंह (40 वर्ष) रविवार को अपनी पत्नी रूबी के साथ अपने चचेरे साले के अंतिम संस्कार में शामिल होने शेरकोट के ग्राम मंधोरा अपनी ससुराल आये थे। बताया जाता है कि देर शाम मंधोरा निवासी अंकित कुमार (25 वर्ष) पुत्र जसवंत सिहं अपने जीजा हरिराज और बहन रूबी को बाइक से उनके घर शाहपुर जमाल छोड़ने जा रहा था। भूतपुरी के निकट रामगंगा पुल पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर चारे से भरी बुग्गी में पीछे से जा घुसी, जिससे बाइक सवार हरिराज सिंह व अंकित कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गये, जबकि रूबी को मामूली चोट लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा तीनों घायलों को डायल 108 की मदद से सीएचसी धामपुर ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने जीजा हरिराज व साले अंकितको मृत घोषित कर दिया। घायल रूबी का उपचार चल रहा है। घायल रूबी ने बताया कि उसके मायके में चचेरे भाई की मौत हो गई थी, जिसके अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद वे अपने घर लौट रहे थे कि रामगंगा पुल के पास उनकी मोटरसाइकिल एक बुग्गी में जा घुसी। घटना से दोनों मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा है। बताया जाता है कि जीजा-साले मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### तीन मौतों से कोहराम

मृतक हरिराज सिंह के चचेरे साले ग्राम मंधोरा निवासी जिवेश कुमार पुत्र जयपाल सिंह का लगभग छह माह पूर्व एक्सीडेंट हो गया था। रविवार को उसकी मौत हो गई थी। हरिराज और रूबी उसके अंतिम संस्कार में शामिल होने आये थे। देर शाम हरिराज सिंह का साला अंकित उन्हें घर छोड़ने जा रहा था। रास्ते में हुए हादसे में जीजा-साले की मौत हो गई। एक ही दिन में हुई तीन रिश्तेदारों की मौतों से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।



फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है !
Hero
★नियम व शर्ते लागू
Good Life Gift Voucher
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

## नाकाम विपक्ष

धर्म-जाति को किनारे रखकर देखिए तो चार तरह का वोटर नजर आता है। एक सत्ता को पसंद करता है और दूसरा सत्ता से नाखुश होता है, सत्ता के कार्यो से संतुष्ट नहीं होता। जो सत्ता के कार्यो से संतुष्ट है और उसे पसंद करता है वो वर्ग सत्तारूढ़ पार्टी को वोट देता है। जो सत्ता को पसंद नहीं करता वो वर्ग उस विपक्षी दल को चुनेगा जो सत्ता उखाड़ने में संघर्ष कर रहा हो और सत्ता के प्रति आक्रामक हो। तीसरा वोटर वर्ग वो है जिसने सत्तारूढ़ पार्टी पर विश्वास कर सत्ता बनवाई। लेकिन उसकी अपेक्षाएं पूरी नहीं हुईं, ऐसे वर्ग विकल्प ढूंढेंगे। चौथा वर्ग भी है जो सत्ता को बेहतर इसलिए समझता है क्योंकि उसे सत्ता की खामियों का ज्ञान नहीं है। ऐसे सत्ता समर्थक वोटरों की आंखें खोलकर अपने पाले में लाने के लिए भी विपक्षी दल सत्ता का कच्चा चिट्ठा खोलते हैं। वर्तमान में विपक्ष यह तो कहता है कि मौजूदा सरकार ने जन अपेक्षाएं पूरी नहीं की, सरकार जन-विरोधी है। लेकिन इसके लिये सरकार के विरुद्ध कोई आंदोलन का माद्दा किसी विपक्षी दल में नजर नहीं आता। पिछले लोकसभा चुनाव में 'संविधान खतरे में' का नारा उछाल कर भले ही समाजवादी पार्टी ने 37 सीटें क्या जीत लीं, उसे लगता है कि जनता उसके साथ है। अखिलेश यादव पीडीए की बात करते हैं, लेकिन किसी भी वर्ग के लिये कोई संघर्ष या आंदोलन उनकी ओर से नजर नहीं आता। यही हाल बसपा का है। विगत 9 अक्टूबर को बसपा की रैली में पार्टी सुप्रीमो मायावती ने सत्ता से अधिक विपक्ष पर हमले किए और योगी सरकार की शान में खूब कसीदे पढ़े। ऐसे में उन लोगों को बहुत आघात पहुंचा, जो बसपा की इस रैली से बहुत उम्मीद लगाये हुए थे। रैली में जिस तरह जनसैलाब उमड़ा, अगर मायावती चाहतीं तो प्रदेश की जनता का रुख भी मोड़ सकती थीं, लेकिन उन्होंने किसी दबाव, भय या भविष्य की राजनीति के मद्देनजर यह मौका गंवा दिया। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि क्या बसपा भाजपा की बी टीम है? बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा मैदान वापसी और खूब भीड़ वाली एक सफल रैली के बाद बसपाइयों और सपाइयों में नई जंग छिड़ गई। बी टीम के आरोपों को आधार मिल गया। समाजवादियों को यह कहने का मौका मिल गया कि बहन जी ने मंच पर योगी आदित्यनाथ की सरकार की तारीफ करके भाजपा से अघोषित गठबंधन प्रकट कर दिया है। कुल मिलाकर दोनों ही मुख्य विपक्षी दल अपनी भूमिका का निर्वहन जन अपेक्षाओं के मुताबिक नहीं कर रहे।

# ज़ोहरान ममदानी की जीत से क्या सीख सकते हैं मुस्लिम नेता?

**अमेरिका के न्यूयार्क का मेयर चुने जाने पर 34 साल के ज़ोहरान ममदानी आजकल चर्चा का विषय बने हुए हैं। आखिर ऐसा क्या था कि एक देश के एक शहर का मेयर चुना जाना ममदानी के लिये पूरी दुनिया में दो वर्गों के लिये नाक का सवाल बन गया। ममदानी मुस्लिम हैं, लेकिन उनकी जीत में इस्लाम का कोई रोल नहीं था, इसलिये मुसलमानों का उनकी जीत का जश्न मनाना समझ से बाहर है। उनकी पत्नी सीरियाई है, वे प्रवासी हैं। उनका जन्म युगांडा में हुआ। वे 8 साल की उम्र में अमेरिका के न्यूयार्क आये। जिस तरह से उनके चाहने वाले डेमोक्रेट लिबरल सेकुलर और मानवतावादी, समाजवादी पूरे विश्व में फैले हुए हैं वैसे ही उनको उग्रवादी रेडिकल कम्युनिस्ट बताने वाले कंज़रवेटिव और अंधभक्त भी बहुत हैं।**



इक़बाल हिन्दुस्तानी

सवाल यह है कि 9 प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाले न्यूयार्क में कैसे एक मुसलमान ममदानी ईसाई हिस्पैनिक हिंदू और यहूदियों तक के वोट लेकर वहां के राष्ट्रपति ट्रंप के ज़बरदस्त विरोध और अंतिम समय में अपनी ही रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी को छोड़कर ममदानी की डेमोक्रेट पार्टी के विद्रोही निर्दलीय प्रत्याशी को सपोर्ट करने के बावजूद वे जीत गये। ट्रंप ने न्यूयार्कवासियों को बेशर्मी से यहां तक धमकाया कि अगर ममदानी को मेयर चुना जाता है तो वे सरकार से न्यूयार्क को मिलने वाला विकास का धन रोक देंगे। लेकिन ममदानी ने जनहित के ऐसे मुद्दों पर चुनाव लड़ा कि किसी का कोई विरोध, कोई धमकी, कोई चाल उनकी जीत का रास्ता नहीं रोक सकी। दरअसल ममदानी दो विचारधाराओं के बीच का संघर्ष बन गये। एक तरफ खुलेआम आवारा पूंजी कारपोरेट और अमीर वर्ग के हित में काम करने वाली पूंजीवादी नीतियों के समर्थक थे, तो दूसरी तरफ ममदानी का समाजवाद गरीब समर्थन कमजोर वर्ग का साथ और मकानों का किराया कम करना, मेट्रो तक पहुंच, पुलिस की इंसाफ वाली छवि, बुज़ुर्गों व मज़दूरों की सामाजिक सुरक्षा के साथ जनता व ज़मीन से जुड़े दिल में उतर जाने वाले मुद्दे थे। ममदानी विरोधियों के तमाम हमलों के बावजूद अपनी सादी पोशाक मुस्कुराता हुआ चेहरा, कंधे पर छोटा सा बैग, हाथ में मामूली माइक लेकर सड़कों पर आम न्यूयार्कवासी के बीच अपनी बात कहते घूमते रहे। उन्होंने भारत की तरह धर्म, जाति और क्षेत्रवाद का कार्ड नहीं खेला। आज नतीजा आपके सामने है।



ज़ोहरान ममदानी

हालांकि भारत के राजनीतिक पेटर्न से अमेरिकी सियासत की तुलना करना पूरी तरह सही नहीं होगा, लेकिन इतना तो कहा ही जा सकता है कि अगर ममदानी ने अपनी मुस्लिम पहचान के सहारे चुनाव को इस्लामी रंग देने का कुटिल प्रयास किया होता तो उनका हश्र भी भारत के ओवैसी और बदरूद्दीन अजमल जैसा हुआ होता। हम यहां यह दावा नहीं कर रहे कि अगर कोई भारतीय मुस्लिम सेकुलर पार्टी से या सर्वसमाज का नेता सबको साथ लेकर ममदानी की तरह चुनाव लड़ेगा तो वह पहले ही प्रयास में न्यूयार्क की तरह कामयाब हो जायेगा। लेकिन असम की मिसाल हमारे सामने नाकामी के तौर पर मौजूद है। असम में मुसलमानों के लिये लगभग सब ठीक चल रहा था, लेकिन एक दिन मसुलमानों की 34 प्रतिशत आबादी की दुहाई देकर इत्र व्यापारी और जमीयत उलेमा ए हिंद के प्रदेश मुखिया बदरूद्दीन अजमल ने एक मुस्लिम पार्टी बनाकर मुस्लिम सरकार, मुस्लिम मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बनाने का सपना देखा। उन्होंने चुनाव में मुस्लिम कार्ड खुलकर खेला और पहली बार में ही 18 विधायक कांग्रेस को मुस्लिम झटका देकर जिता लाये, लेकिन यहीं से सेकुलर कांग्रेस के बुरे दिन शुरू हो गये और बीजेपी ने जवाबी हिंदू ध्रुवीकरण करके असम पर कब्ज़ा कर लिया। आज तमाम नाकामी एनआरसी घुसपैठ और क्षेत्रीय अस्मिता पर खतरे के भावनात्मक मुद्दे पर जीतकर बीजेपी राज कर रही है।

अजमल खुद लोकसभा चुनाव दस लाख के भारी अंतर से हार चुके हैं। उनकी पार्टी का भी सफाया हो चुका है। उधर सेकुलर हिंदू वोट का साथ छूटने और मुस्लिम अजमल की तरफ जाने से कांग्रेस राजनीतिक रूप से कंगाल हो चुकी है। ऐसे ही हैदराबाद के ओवैसी ने अपनी मुस्लिम पहचान मुस्लिम पार्टी और मुस्लिम मुद्दों पर जमकर साम्प्रदायिक राजनीति करनी चाही, लेकिन तेलंगाना के अलावा उनको कहीं कुछ खास फायदा नहीं हुआ, लेकिन उनकी कट्टर धार्मिक राजनीति ने प्रतिक्रिया के रूप में बीजेपी को हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण करने का गोल्डन चांस दे दिया है। वे जहां भी मुस्लिम बहुल सीटों पर चुनाव लड़ते हैं, उन पर जवाबी हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण होने से बीजेपी को जबरदस्त सियासी लाभ होता है। ओवैसी ने अपने बेरिस्टर होने सियासत घुट्टी में मिलने उच्च शिक्षित होने संविधान और कानून की अच्छी जानकारी होने से धर्म की अफीम के ज़रिये जोशीले भाषण दे देकर मुसलमानों में एक कट्टरपंथी सांप्रदायिक भावुक अंधभक्त खासतौर पर युवाओं का एक वर्ग अपने पक्ष में खड़ा कर लिया है। जो बात-बात पर बचकाना तर्क यह कहकर देता रहता है कि एक पार्टी-एक नेता और चंद विधायक सांसद तो हों, जो मुसलमानों के पक्ष में बोलते रहें। उनको यह पता नहीं, अगर आज के दौर में मुसलमानों को धर्म के नाम पर जोड़कर कोई चुनाव लड़ेगा तो वह 15 प्रतिशत आबादी में से दो-चार प्रतिशत के वोट लेकर दो-चार जनप्रतिनिधि ही चुन सकता है।

जिनकी संसद या किसी राज्य विधानसभा में तब भी कोई औकात नहीं होगी, जबकि वे कुल सदन की संख्या का 49 प्रतिशत ही क्यों न हों? कहने का मतलब यह है कि जब तक किसी की सरकार नहीं बनती आप विपक्ष में बैठकर चाहे कितना ही शोर मचा लें, आपकी बात कोई सुनने वाला नहीं है। आज ज़रूरत इस बात की पहले है कि आप उस पार्टी उस नेता और उन मुद्दों पर जुड़ें जिन पर जीतकर ममदानी अल्पसंख्यक होकर भी भारी विरोध के बावजूद जीतकर आता है। दूसरे जब तक कोई अल्पसंख्यक मुसलमानों के मुद्दों पर चुनाव लड़ेगा, बयान देगा और एकतरफा भाषण देगा तो उसके जवाब में बीजेपी जैसी हिंदूवादी पार्टियां, हिंदू आबादी 80 प्रतिशत होने से 30 से 35 प्रतिशत वोट मिलने से ही बहुमत लाकर सरकार बना लेगी। उसके बाद मुसलमानों के खिलाफ ज़हर उगलकर नफ़रत फैलाकर और उनका झूठा डर दिखाकर बार-बार हिंदू कार्ड खेलकर चुनाव जीतती रहेंगी। इसलिये ममदानी से मुस्लिम नेताओं को यह सीखने की ज़रूरत है कि चाहे जीत मिले या न मिले या कई साल और दशक बाद जीतें, लेकिन सबको साथ लेकर चलने यानी सेकुलर पार्टी से जुड़ने और सर्वसमाज के मुद्दे उठाकर ही भारत में भी केवल मुसलमानों नहीं सभी भारतीयों, सभी नागरिकों और सबको जोड़ने वाले सवाल लेकर आगे बढ़ा जा सकता है। एक शायर ने कहा है-

**मैं वो साफ ही न कह दूं जो है फ़र्क़ तुझमें मुझमें,**
**तेरा दर्द दर्द ए तन्हा मेरा ग़म ग़म ए ज़माना।।**

(नोट-लेखक नवभारत टाइम्स डॉट कॉम के ब्लॉगर और पब्लिक ऑब्ज़र्वर के चीफ़ एडिटर हैं।)

# बिट के सिल्वर जुबली महोत्सव के दूसरे दिन बॉलीवुड सिंगर तुलसी कपूर ने रंग जमाया

## संगीत की धुनों पर झूमते रहे कार्यक्रम में शामिल लोग






**बिजनौर (चिंगारी)।** भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में सिल्वर जुबली महोत्सव स्टार नाइट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बॉलीवुड के मशहूर गायक टी-सीरीज के संस्थापक स्व. गुलशन कुमार की पुत्री तुलसी कुमार ने ऐसा माहौल बनाया कि लगभग 7,000 लोग संगीत की धुनों पर झूम उठे। कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतज़ाम किए गए थे, जबकि उच्च पुलिस अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, पत्रकार एवं प्रतिष्ठित समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर डॉ. पुष्पनील वर्मा, सहायक निदेशक संस्थान की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डॉ. अनिल सिंह, चेयरमैन, BGI के दूरदर्शी नेतृत्व में संस्थान का अब तक का सफर संभव हुआ। सिल्वर जुबली समारोह के दूसरे दिन संस्थान का संपूर्ण नेतृत्व उपस्थित रहा, जिसमें डॉ. अनिल सिंह चेयरमैन, डॉ. आशा सिंह वाइस चेयरपर्सन, डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल ग्रुप डायरेक्टर, डॉ. पुष्पनील वर्मा, डॉ. अजय सिंह, दुश्यंत कुमार, डॉ. ए.के. शर्मा, डॉ. विजया डी., डॉ. सचिन सिंघल और डॉ. आदित्य शर्मा शामिल थे। इसके अतिरिक्त विभिन्न संस्थानों के प्रमुख, फैकल्टी सदस्य और स्टाफ भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सभी संकायों के छात्रों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को मनोरंजन, उत्साह और संस्थागत गौरव से भर दिया। कार्यक्रम का दूसरा दिन संगीत, संस्कृति और उमंग का अविस्मरणीय संगम बनकर इतिहास में दर्ज हो गया। स्टार नाइट की शान-तुलसी कुमार लाइव कॉन्सर्ट कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं सुप्रसिद्ध प्लेबैक सिंगर तुलसी कुमार, जिन्होंने अपने एक से बढ़कर एक हिट गीतों उन्होंने ओ साकी-साकी, तू लांग मैं एलबेला, मैं जिस दिन भूला दूं सहित कई लोकप्रिय गीतों को अपनी सुरीली आवाज़ में प्रस्तुत किया। दर्शकों ने तालियों और चीयर्स से उनका उत्साह बढ़ाया और पूरा कैंपस संगीत के रंग में डूब गया।

सिल्वर जुबली महोत्सव के इस विशेष अवसर पर मंच सज्जा, प्रकाश व्यवस्था, साउंड सिस्टम और सुरक्षा सहित सभी व्यवस्थाएं अत्यंत उत्कृष्ट रहीं। पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया। विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम, नृत्य, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को और भी मनमोहक बना दिया।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring | Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

## किरतपुर में कल निकाली जायेगी एकता यात्रा

**किरतपुर (चिंगारी)।** लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर कल सुबह दस बजे हिंदू इंटर कॉलेज से एकता यात्रा प्रारंभ होगी, जो नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए श्रीदेवशंकर मंदिर सरस्वती शिशु मंदिर पर पहुंचकर समाप्त होगी। भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव पाराशर व ब्लॉक प्रमुख अंकित चौधरी ने बताया कि कल निकलने वाली एकता यात्रा ऐतिहासिक होगी। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि रैली में भाग लेकर सफल बनाएं।

## फेरी लगाकर लौट रहे कपड़ा विक्रेता की माहे की टक्कर से मौत

**बिजनौर (चिंगारी)।** गंज रोड पर संधू फार्म के पास देर शाम माहे की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत हो गई। हादसे में मौत से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। शहर कोतवाली के मोहल्ला चाहशीरीं-बी 24 निवासी मौ. हनीफ (48 वर्ष) पुत्र हमीद बाइक से गांवों में फेरी लगाकर कपड़े बेचने का काम करता था। रविवार की देर शाम हनीफ गांव देहात में कपड़ों की फेरी लगाकर रोज की तरह घर लौट रहा था। जैसे ही वह संधू फार्म के करीब पहुंचा, अचानक सड़क पर निकले माहा (पशु) ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही हनीफ सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायल हनीफ को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे चार पुत्री व तीन पुत्रों का भरा पूरा परिवार छोड़ गया है।

## डीपीएस में डांस प्रतियोगिता व रंगारंग कार्यक्रम आयोजित



**बिजनौर (चिंगारी)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिजनौर में रविवार को डांस प्रतियोगिता का भव्य एवं रंगारंग आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बाहरी विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्रों को अपनी छिपी हुई कला और नृत्य कुशलता को मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पायल कपूर द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस वर्ष प्रतियोगिता की थीम भारत की झलक पर आधारित थी। प्रतिभागियों ने विभिन्न राज्यों के पारंपरिक लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिससे मंच भारतीय संस्कृति, विविधता और रंगोत्सव से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम में लगाए गए टैटू एवं सेल्फी कॉर्नर बच्चों, अभिभावकों और दर्शकों के लिए आकर्षण का विशेष केंद्र बने रहे। सभी प्रतिभागियों को उत्साहवर्धन एवं स्मृति स्वरूप पार्टिसिपेशन ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रतियोगिता का मूल्यांकन रचनात्मकता, आत्मविश्वास और प्रस्तुति कौशल के आधार पर किया गया। साथ ही प्रतियोगिता का निर्णय बिंदु चौधरी और माला नेगी ने किया। कक्षा 8 की आयशा और आराध्या ने फ्रेंच भाषा में लूव्र संग्रहालय के बारे में आकर्षक जानकारी प्रस्तुत की। कक्षा 4 के अथर्व रस्तौगी ने रोबोटिक्स में एंग्री बर्ड गेम का मॉडल प्रस्तुत किया और कक्षा 4 के ही आर्यांश रस्तौगी ने कोडिंग के माध्यम से स्केयरक्रो का प्रभावी प्रेज़ेंटेशन दिया। कक्षा 7 से यथार्थ पाणिग्रही ने किडनी स्टेम किट के माध्यम से किडनी के कार्यों की उत्कृष्ट व्याख्या की। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती महक शम्सी ने किया। प्रतियोगिता में पहली श्रेणी में प्रथम स्थान वान्या खन्ना ने, द्वितीय स्थान ज्योतिषा राजवंशी तथा तीसरा स्थान गीतिशा सिंह राणा को मिला। दूसरी श्रेणी में प्रथम स्थान आरोही ढाका, द्वितीय स्थान कामाख्या तथा तीसरा स्थान आव्या चौधरी ने किया। तीसरी श्रेणी में प्रथम स्थान सान्वी रस्तौगी, द्वितीय स्थान देवांशी राठी तथा तीसरा स्थान रूहानी खुराना ने प्राप्त किया।

## खेत की मेंढ काटने का विरोध करने पर नाबालिग को किया घायल



**नहटौर (चिंगारी)।** ग्राम पुट्ठी पुट्ठा में खेत की मेंढ काटने का विरोध करने पर दूसरे पक्ष के नाबालिग को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। मौके पर पहुंचे किसानों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। ग्राम पुट्ठी पुट्ठा निवासी अंश (16 वर्ष) के पिता की मौत हो चुकी है। आरोप है कि गांव का ही सोमवार (आज)की प्रात: को राकेश सिंह आज सुबह अपने पुत्रों के साथ मिलकर अंश के खेत की मेंढ जबरन काट डाली। आरोप है कि जब उसने मना किया तो आरोपियों ने उसे लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अंश का शोर सुनकर मौके पर पहुंचे किसानों को आता देख आरोपी फरार हो गए। किसानों ने घायल अवस्था में अंश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। मामले में अंश की मां ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया मामले में जांच की जा रही है।

# अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के 800 से अधिक मेधावियों को किया सम्मानित

## शिक्षा के महत्व पर दिया बल



**बिजनौर ( चिंगारी )।** अनुसूचित जाति जनजाति मेधावी छात्र कल्याण समिति बिजनौर के तत्वावधान में आयोजित जनपद स्तरीय एससी-एसटी वर्ग मेधावियों का सम्मान समारोह विक्की हल्दुवा की अध्यक्षता एवं चंद्रहास सिंह गुलशरन एवं ओमप्रकाश सिंह के संयुक्त के संचालन में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार (आईएएस) विशेष सचिव सिंचाई विभाग ने कहा कि शिक्षा सामाजिक समानता, बौद्धिक विकास और आत्म-सम्मान की कुंजी है। डॉ. प्रिया कोठारी ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर ने कहा था कि शिक्षा केवल साक्षरता से बढ़कर है। यह व्यक्ति को विवेक और आत्म-सम्मान सिखाती है और यह उत्पीड़ित समुदायों के लिए मुक्ति का साधन है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि राहुल कुमार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिओम, डॉ. रोहित कुमार यादव, इंजीनियर सुशील कुमार, डॉक्टर रामकुमार, अमित कुमार, आरके सागर, इं. मणिकांत सिंह ने शिक्षा का महत्व पर बोल देते हुए कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो पीता है दहाड़ता है। इस अवसर पर जय राम सिंह, डॉ. भूपेंद्र, जितेंद्र के राव, योगेंद्र कुमार, महेंद्र सिंह, गुलशन सिंह, धर्मपाल सिंह, सुशील कुमार, हरि सिंह, अमर सिंह, डॉ. जितेंद्र, प्रमोद कुमार, उमेश कुमार, रवि, वीरेंद्र कुमार, देवेंद्र कुमार, राजेश कुमार, रवि, कैप्टन बिशन लाल, सुभाष चंद्र, पवन, सुरेश कुमार भारती, उमेश सिंह, तेजपाल सिंह, प्रवेंद्र रायसेन, ओम प्रकाश सिंह, संजय कुमार, नाहर सिंह, देवेंद्र कुमार, लाल सिंह, छोटे सिंह, अतर सिंह, धर्मवीर सिंह, नरेश कुमार, अशोक कुमार, अंकुश कुमार, चंदू सिंह, हरिराज केसरी, रीवा सिंह, कौशल, गौतम, शालू भारती, शिवानी, करण सिंह, विजेंद्र कुमार, रमेश लाल, दिनेश कुमार, बृजेश कुमार, ब्रह्म सिंह, जगदेव सिंह आदि ने संबोधित किया।

## ट्रांसफार्मर में आग लगने से हड़कंप मचा

**धामपुर ( चिंगारी )।** कालागढ़ मार्ग स्थित नैनीताल बैंक के पास लगे हुए बिजली के ट्रांसफार्मर में रात्रि 10 बजे उस समय आग लग गई जब ट्रांसफार्मर की बाउंड्री वाल के पास डाले गए कूड़े के ढेर में किसी शरारती तत्व ने आग लगा दी। आग लगने की सूचना पाकर विद्युत विभाग में हड़कंप मच गया। जेई राजेश कुमार ने बताया कि शीघ्र ही शटडाउन लेकर अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया जिस पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उन्होंने आग पर काबू पाया। जेई राजेश कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर के पास पड़े हुए कूड़े के ढेर में आग लगने से ट्रांसफार्मर की लीड ने आग पकड़ ली जिससे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार नागरिकों से अनुरोध किया गया था कि वह ट्रांसफार्मर के पास कूड़ा ने डालें। उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर की मरम्मत का काम पूरा हो गया है और विद्युत आपूर्ति भी सुचारू कर दी गई है।

## वरिष्ठ नागरिकों ने समिति की बैठक में बताई अपनी समस्याएं


बैठक को संबोधित करते हुए धर्मेश सिंह चौहान।

**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश वरिष्ठ नागरिक महासमिति की एक बैठक आर्य समाज मंदिर, धामपुर में शाखा अध्यक्ष धर्मेश कुमार चौहान की अध्यक्षता व महासचिव शिव कुमार सिंह के संचालन में संपन्न हुई, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों से उनकी समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण भी किया गया। बैठक में मंगू सिंह सरकड़ा ने अपनी जमीन की समस्या उठाई इसके संबंध में भविष्य में एसडीएम से मिलकर निराकरण कराए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जयवीर सिंह एडवोकेट ने वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यदि किसी वरिष्ठ नागरिक को कोई समस्या होती है तो वह तत्काल उनसे संपर्क करें, जिला जज की तरफ से उनको पराविधिक स्वयं सेवक नियुक्त किया गया है, जिसमें वे तहसील धामपुर के सभी थानो के वरिष्ठों नागरिकों की समस्या सुनने केलिए नियुक्त है। बैठक में शाखा संरक्षक जगदीश सिंह, गजराज सिंह ने ओम का महत्व बताया। बैठक में रामस्वरूप सिंह, राम सिंह सैनी द्वारा कविताएं सुनाईं गई। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह पत्रकार, देवेंद्र सिंह, प्रोफेसर राकेश चमोली, सेवानिवृत्ति निरीक्षक यश कुमार, डॉ. जसवंत सिंह, डॉक्टर राजेंद्र सिंह चौहान, राम कुमार सिंह, यशपाल सिंह, विनोद चादना, कुलदीप आदि मौजूद रहे।

## विहिप ने धर्म रक्षा निधि संकल्प अभियान चलाया

**धामपुर ( चिंगारी )।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा चलाए जा रहे धर्म रक्षा निधि संकलन अभियान के अंतर्गत कल विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष पंकज वर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर जाकर नागरिकों से धन संग्रह किया। इस अभियान में विहिप के नगर अध्यक्ष अजय कुमार पिंटू, उपाध्यक्ष अमित शर्मा, सौरभ मालपानी, सत्संग प्रमुख अंकित चौहान, नगर मंत्री आर्यन दीक्षित आदि शामिल रहे। इस अवसर पर व्यापारियों और नागरिकों को धर्म रक्षा निधि से संबंधित एक पत्रक भी दिया गया पत्रक में जानकारी दी गई है कि विश्व हिंदू परिषद समाज से एकत्रित धनराशि का उपयोग समाज और देश के किन-किन कार्यों में व्यय करता है।


धर्म रक्षा निधि संकलन करते हुए विहिप के कार्यकर्ता।

## राइफल की नाल साफ करते युवक का वीडियो वायरल

**धामपुर ( चिंगारी )।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के इंस्टाग्राम पर एक युवक ने राइफल की नाल साफ करने का वीडियो डालकर सनसनी पैदा कर दी। सोशल मीडिया पर चल रही वीडियो में युवक यह कहते हुए सुनाई दे रहा है बंदूक चलेगी मेरी बंदूक चलेगी। अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि युवक के पास जो राइफल रखी हुई है वह लाइसेंसी है या बिना लाइसेंस की। यह वीडियो धामपुर क्षेत्र के एक गांव का बताया जा रहा है कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मुदुल कुमार सिंह ने बताया कि वीडियो का संज्ञान लेकर उसकी जांच की जा रही है तथा वीडियो की जांच कर दोषी व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्यवाही की जाएगी।

## सुसाइड नोट में हुआ खुलासा

### ब्लैक मेलिंग से तंग आकर मो. हनीफ ने उठाया आत्मघाती क़दम

**अफ़ज़लगढ़ ( चिंगारी )।** ग्राम मेघपुर में स्थानीय व्यापारी मौ. हनीफ़ (52 वर्ष) पुत्र यासीन द्वारा आत्महत्या कर लेने की घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी। मौ. हनीफ़ सीमेंट सरिया के व्यापारी थे और क्षेत्र में अपनी सहज व व्यावहारीक छवि के लिए जाने जाते थे। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को मृतक की जेब में एक सुसाइड नोट मिला, जिसने मामले को और गंभीर बना दिया। सुसाइड नोट में मौ. हनीफ़ ने गांव की एक महिला पर लंबे समय से ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया है। उन्होंने लिखा कि वह महिला को सात लाख रुपये दे चुके थे, जबकि वह दो लाख रुपये और मांग रही थी। मानसिक दबाव और उत्पीड़न से परेशान होकर उन्होंने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। नोट मिलने के बाद गांव में चर्चाओं का दौर तेज हो गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक का पुत्र सऊदी अरब में है। उसके वापस आने के बाद परिजनों की तहरीर मिलने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जौहर की नमाज के बाद मौ. हनीफ़ की नमाज़े जनाज़ा अदा की गई। गमगीन माहौल में उन्हें उनके आबाई कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-ख़ाक कर दिया गया। पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है।

## श्रद्धापूर्वक मनाया गया गुरुतेग बहादुर जी का पावन शहीदी दिवस

### कार्यक्रम में बच्चों को किया गया सम्मानित

**धामपुर ( चिंगारी )।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में विश्व सिमरन दिवस, संग्रांद पर्व और नवम गुरु तेग बहादुर जी महाराज का पावन शहीदी दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह ने संगत समूह को गुरबाणी कीर्तन से निहाल किया।

गुरुद्वारा के दीवान हाल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय सरदार दीदार सिंह चावला तथा सरदार मंजीत सिंह चावला के परिवार की ओर से चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के तीन दिवसीय अखंड पाठ को पूर्णता दिलाते हुए किया गया। कार्यक्रम में गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट, सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला ने बताया कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर द्वारा जारी किए गए नानकशाही कैलेंडर के मुताबिक आज से गुरमुख परिवारों का माघ का महीना भी प्रारंभ हो गया है।


बच्चों को सम्मानित करते हुए सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट।

इस अवसर पर गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के संरक्षक सरदार सुरेंद्र सिंह चंदन स्त्री सत्संग सभा की सदस्य बीबी सुरेंद्र कौर, सरदार सतविंदर सिंह, भारतीय जनता पार्टी धामपुर मंडल के उपाध्यक्ष सरदार सतमीत सिंह मनी, बीबी सरबजीत कौर, रबनूर कौर, सरदार जसमान सिंह, सरदार तीरेंद्र पाल सिंह के परिवार की ओर से नवम गुरु तेग बहादुर जी महाराज, भाई मतीदास, भाई सतीदास तथा भाई दयाला जी के 350 वें शहीदी शताब्दी वर्ष के संबंध में आयोजित विशेष कीर्तन दरबार मे ज्ञानी रघुवीर सिंह तथा बेबे नानकी दल की जत्थेदार बीबी अमनप्रीत कौर सीडाना ने गुरु वाणी कीर्तन की प्रस्तुतियों से संगत को निहाल किया। इस मौके पर भाजपा धामपुर मंडल उपाध्यक्ष सरदार सतमीत सिंह मनी, सरदार बलजीत सिंह गांधी जोगा, बीबी कुलजीत कौर गांधी, सरदार सतनाम सिंह गांधी, बीवी अमनदीप कौर गांधी तथा सरदार अमृतदीप सिंह परिवार की ओर लंगर का आयोजन किया गया।

# धूमधाम से मनाया गया 108 कुंडीय यज्ञ का वार्षिक उत्सव

**चांदपुर (चिंगारी)। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 108 कुंडीय यज्ञ का वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया।**

देवी मंदिर चांदपुर में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ शांतिकुंज हरिद्वार से आये अनुभवी एवं समर्पित कार्यकर्ताओं की टोली ने श्रीराम प्यारे कश्यप के नेतृत्व में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के वार्षिक उत्सव एवं माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष, अखंड ज्योत के जन्म शताब्दी वर्ष और परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा की साधना के शताब्दी वर्ष की चेतना को जागृत करने वाले कार्यक्रमों से किस प्रकार जन-जन को जोड़ना है, इस पर प्रकाश डाला। सुंदर शब्दों में उन्होंने यज्ञ की महिमा का गुणगान करते हुए बताया कि यज्ञ पिता, गायत्री माता है। यज्ञ करने से हमारा परिवार और समाज संस्कारित होता है। हमारा मन और आत्मा पवित्र होती है। इंजीनियर श्रवण कुमार अग्रवाल एवं उनकी पत्नी श्रीमती विजय अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के आयोजक कार्यकर्ताओं ने टोली के सभी सदस्यों का एवं मुख्य



## यज्ञ से मन व आत्मा पवित्र होती है

यजमानों का तिलक लगाकर, गायत्री महामंत्र का पटका पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। जिला समन्वयक समिति के उपजिला समन्वयक इंद्रदेव शर्मा, जिला संयोजक सोमेश्वरदत्त शर्मा, नूरपुर ब्लॉक समन्वयक ममता यादव, नहटौर ब्लॉक समन्वयक बलबीर सिंह को भी सम्मानित किया गया। ब्लॉक जलीलपुर समन्वयक सुरंजीव त्यागी एवं कविता त्यागी ने गुरु सत्ता का पूजन किया। कलश पूजन डा. निर्मल भाटिया ने किया। गायत्री माता का पूजन श्रीमती कविता जैन एवं श्रीमती मधु गुप्ता ने किया। मंच की आरती में श्रीमती मीरा त्यागी, अमिता यादव, कुमकुम महेश्वरी, आशु गोयल, प्रतिमा एवं प्रियंका रहीं। अंत में जगत शर्मा ने सभी का धन्यवाद कर यज्ञ को जीवन में धारण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सुबोध गुप्ता, सुरंजीव त्यागी, विनेश त्यागी, गंगाराम, कविता त्यागी, मीनू शर्मा, विनीता महेश्वरी, पूनम शर्मा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मंजू त्यागी ने किया।

# कॉलेज में लगा मेला, बच्चों ने हर एक खेल खेला



डीवीएम इंटर कॉलेज में आयोजित बाल मेले का फीता खोलकर उद्घाटन करते अतिथि

**नगीना (चिंगारी)।** डीवीएम इन्टर कॉलेज में एक दिवसीय बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

रविवार को स्कूल प्रांगण में आयोजित हुए बाल मेले का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सहजिला संयोजक सौरभ मित्तल, भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला मंत्री चंद्रशेखर पाल, स्कूल प्रबंधक इंजीनियर अमित गुप्ता, प्रधानाचार्य देवेंद्र गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता खोलकर किया। मेले में निशाना लगाना, बाल्टी में सिक्का डालना, रिंग फैरना, मोमबती को एक तिल्ली से जलाना, ग्लास की मिनार बनाना, बोल से ग्लास की मीनार गिराना आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। मेले में लगे विभिन्न झूलों में बैठकर बच्चों ने खूब मनोरंजन किया। मेले को सफल बनाने में कुलदीप वर्मा, विद्यालय की अध्यक्ष नीता गुप्ता, शीला सिंह, शैफाली रस्तौगी, रजिया सुल्तान आदि का योगदान रहा

# भारतीय संस्कृति को संजोकर रखने का महिलाओं ने संकल्प लिया



**किरतपुर (चिंगारी)।** श्री देव सरस्वती विद्या मंदिर कन्या इंटर कालेज किरतपुर में विद्या भारती के सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्य को संजोकर रखने का महिलाओं ने संकल्प लिया। वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण और वसुधैव कुटुम्बकम की भावनाओं को आत्मसात करने का आह्वान किया। अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान मेरठ की ओर से आयोजित सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक थाना किरतपुर श्रीमती पुष्पा रानी,ऋतु ने किया। कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती रेणु चौधरी ने कहा कि सप्तसती कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति की महिला सशक्तिकरण को और नैतिक मूल्य को बढ़ावा देना और पर्यावरण के प्रति दायित्व के निर्वाह के प्रति समाज को जागरूक करना है। मुख्य वक्ता श्रीमती रजनी कालरा ने बहनों को अपनी शक्ति जागृत कर समाज का निर्देशन करने के लिए कहा। बहन अर्चना चौहान ने नारी शक्ति विषय में एक सुंदर कविता पाठ किया। प्रबंध समिति की अधिकारी श्रीमती मीनाक्षी एवं अनुपम अग्रवाल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। समस्त विद्यालय परिवार क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री एलएस बिस, प्रबंधक श्रीराम बहादुर सिंह गहलोत, कोषाध्यक्ष श्रीमान राकेश साहनी, श्री विजयगर्ग, अवनीश चौहान, पूर्व अध्यक्ष छत्रपाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य आरके शर्मा आदि उपस्थित रहे। छात्राओं ने भारतीय संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम प्रस्तुत किए और महिलाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अंत में आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल ने अपने आशीष से सभी का आभार प्रकट किया।

# वरिष्ठ सपा नेता हितेश यादव के भाई का स्टेनो पद पर चयन हुआ

**बिजनौर (चिंगारी)।** नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव धमरौला निवासी समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हितेश यादव के छोटे भाई आदित्य यादव का भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में स्टेनोग्राफर (ग्रेड-डी) के पद पर चयन हुआ है।

इस उपलब्धि पर रविवार को गांव में एक बैंक्वेट हॉल में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक रामावतार सैनी, सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन, जिला महासचिव धनंजय यादव सहित कई पार्टी पदाधिकारी, रिश्तेदार और ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में शिरकत की और आदित्य को बधाई दी। आगंतुकों का स्वागत हितेश यादव व संजीव यादव ने किया। मौके पर भोज का भी आयोजन हुआ। हितेश यादव ने बताया कि आदित्य शुरू से मेधावी छात्र रहे और उनकी पूरी पढ़ाई नूरपुर के गुरु तेग बहादुर स्कूल से हुई। इस चयन से परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र और यादव समाज में खुशी की लहर है। कार्यक्रम में डॉ. रहमान, अफजल उल हक, कासिम कुरैशी, नसीम अहमद, उदल सिंह चौहान, राजेश यादव, अशोक यादव, मास्टर कमल यादव आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 3 दिसंबर को पाशा करेंगे कम्बल, रजाई व अन्य उपकरण वितरित

## 19 नवंबर को कैंप कार्यालय बुढ़नपुर में किये जाएंगे रजिस्ट्रेशन

**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक एमआर पाशा द्वारा नये साल जनवरी 2026 एवं 3 दिसंबर 2025 को विकलांगों, गरीबों एवं बेसहारा लोगों को कम्बल, रजाई एवं उपकरणों का वितरण किया जाएगा। गौरतलब है कि एमआर पाशा ने अपना पूरा जीवन विकलांगों, गरीबों एवं बेसहारा लोगों के लिए समर्पित कर दिया है, वह खुद विकलांग हैं, इसलिए विकलांगों का दर्द बखूबी समझते हैं। विकलांगों, गरीबों व बेसहारा लोगों की खिदमत के लिए ही उन्होंने अपना घर न बसाने का संकल्प लिया था। इसी संकल्प को पूरा करने के लिए वह ईमानदारी व गंभीरता के साथ प्रयास कर रहे हैं। जहां गैर विकलांगों के द्वारा विकलांग संगठन व पार्टी बनाकर विकलांगों की मदद के नाम पर चंदा एकत्र कर धन का दुरुपयोग किया जाता है, वहीं एमआर पाशा खुद अपनी जेब व अपने परिवार के सहयोग से हर साल विकलांगों, गरीब परिवार की बेटियों एवं बेसहारों को लिहाफ, कम्बल, सिलाई मशीन, ट्राइ साइकिल, कैलीपर्स व अन्य उपकरण बांटते



हैं। इस कार्य में कोई भेदभाव भी नहीं किया जाता है। इस तरह का आयोजन उनके द्वारा हर साल किया जाता है। इस बार भी वह जनवरी माह में भव्य समारोह में लाखों रुपए का सामान बांटेंगे। एम.आर. पाशा का कहना है कि वह ऐसा किसी पर कोई एहसान नहीं करते और सिर्फ अपना फर्ज निभाते हैं। उनका मानना है कि विकलांगों, गरीबों का दर्द मैंने खुद महसूस किया है। वह सिर्फ इस दर्द को बांटने की एक छोटी सी कोशिश करते हैं। ऐसा करके उन्हें दिली सकून और खुशी मिलती है।

# ओफ्फोह! भयंकर जाम से प्रभावित हो जाते हैं विवाह समारोह

**नांगल सोती ( चिंगारी )। मंडावली-बिजनौर मार्ग पर चंदक में स्थित रेलवे फाटक पर अक्सर लगने वाले भयंकर जाम से शादी समारोह तक प्रभावित होते हैं। कई बार मरीज समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाते हैं। 'चिंगारी' इस विकट समस्या को वर्षों से उठा रहा है।**

चंदक रेलवे फाटक पर लगने वाला जाम जाड़ों में अक्सर भयंकर हो जाता है, क्योंकि जाम में बड़ी संख्या में गन्ना

## कई बार मरीज अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते

वाहन भी फंस जाते हैं। बिजनौर के समीप तक उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर के गन्ना क्रय केन्द्र स्थित हैं, जिनसे ट्रैक्टर-ट्रॉलों या ट्रकों में भरकर गन्ना इसी फाटक से होते हुए मिल पर पहुंचता है। जबकि कई गांवों के व्यक्ति अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली में गन्ना भरकर मिल गेट पर बेचने जाते हैं। रेलवे फाटक बंद होने से लगने वाला जाम चंदक के बाजार तक को प्रभावित कर देता है। कई बार फाटक के दोनों ओर बहुत लंबा जाम लग जाता है। सर्दियों के मौसम में यहां लगने वाले जाम से कई बार विवाह समारोह तक प्रभावित हो जाते हैं। बारात के वाहन भयंकर जाम में फंसकर घंटों खड़े रहते हैं और वधू पक्ष बारात की प्रतीक्षा करता रहता है। इस फाटक के कारण कई बार मरीज सही समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाते हैं और उनकी हालत बिगड़ जाती है। जाम में स्कूली वाहन फंस जाने से बच्चे बिलबिला उठते हैं। साल में एक-दो बार मेंटेनेंस कार्य के चलते इस फाटक को दो या तीन दिन के लिये बंद किया जाता है। तब बरकातपुर चीनी मिल को फाटक से बिजनौर की ओर के अपने सभी क्रय केन्द्रों पर तौल बंद करनी पड़ती है। इसके बावजूद वैकल्पिक पूंडरी-बरकातपुर मार्ग तथा चंदोक के जंगल मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थिति ऐसी आ गयी है कि इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालक काफी दूर से ईश्वर से फाटक खुला होने की प्रार्थना करते हैं। यदि फाटक खुला मिल जाये, तो उनकी खुशी देखने लायक होती है। इस रेलवे फाटक पर फ्लाई ओवर या अंडर बनना बेहद जरूरी है। 'चिंगारी' क्षेत्रवासियों की इस विकट समस्या को वर्षों से उठा रहा है। 'चिंगारी' ने 18 जुलाई, 2024 के अंक में भी पृष्ठ संख्या 6 पर इस खबर को शीर्षक 'फाटक बंद रहने से जाम लगता है बार-बार, ओवरब्रिज या अंडरपास बनवाओ सरकार!' के साथ प्रमुखता से प्रकाशित किया था। अब बिजनौर लोस क्षेत्र के सांसद चंदन चौहान ने भी रेल मंत्री को पत्र लिखकर क्षेत्रवासियों की मांग को आगे बढ़ाया है।



रेलवे क्रासिंग से परेशान हो गए हैं लोग

नांगल सोती ( वि.टा. )। नांगल-चंदक- बिजनौर मार्ग पर चंदक में पड़ने वाला रेलवे क्रॉसिंग लोगों को परेशान करने लगा है। वाहन चालक अब यहां से गुजरते हैं, तो रेलवे फाटक के खुला होने की प्रार्थना करते हुए नजर आते हैं। क्षेत्रवासियों की सरकार, रेल मंत्रालय से मांग है कि रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज अथवा अंडरपास का निर्माण कराया जाये।

सड़कों पर अब काफी यातायात रहता है। बिजनौर-चंदक-नांगल-मंडावली जिला मार्ग पर भी पूरे दिन दनादन वाहन दौड़ते हैं। यह मार्ग नेशनल हाईवे-74 (काशीपुर-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग) से जिला मुख्यालय को जोड़ता है। मंडावली से चंदक रेलवे क्रॉसिंग तक मार्ग का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण होने के बाद अब उक्त जिला मार्ग की स्थिति काफी ठीक है। पर उक्त मार्ग पर जाते हुए चंदक के आसपास पहुंचने पर वाहन सवार व्यक्तियों को बार-बार भगवान का नाम लेना पड़ता है, क्योंकि सौभाग्य से ही चंदक में स्थित रेलवे फाटक खुला मिलता है। ट्रेनों की बढ़ती संख्या के कारण अक्सर यह फाटक बंद रहता है और लोगों को काफी देर तक फाटक खुलने की प्रतीक्षा करनी पड़ती है। गर्मियों के दिनों में फाटक खुलने के इंतजार में खड़े रहना व्यक्ति की हालत खराब कर देता है। जबकि जाड़ों में फाटक के बंद रहने पर गन्ने के वाहनों (ट्रकों, ट्रैक्टर-ट्रॉलों, ट्रॉलियों) के कारण लंबा जाम लग जाता है। चंदक, मंडावर, बिजनौर क्षेत्र में स्थित बरकातपुर चीनी मिल के गन्ना क्रय केन्द्रों का गन्ना ट्रकों, ट्रॉलों द्वारा मिल गेट पर आता है। किसान भी अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में गन्ना लेकर मिल गेट पर बेचने पहुंचते हैं। कभी-कभी जाम एक-डेढ़ किलोमीटर तक लम्बा हो जाता है तथा जाम में फंसे लोगों की हालत खराब हो जाती है। जबकि श्रावण (सावन) के महीने में कांवड़ यात्रा का अधिकांश यातायात इसी मार्ग से गुजरता है। बुधवार से रूट डायवर्ट हो चुका है। कांवड़ वाहनों की संख्या बढ़ने पर भी यहां फाटक बंद होने की स्थिति में काफी लम्बा जाम लग जाता है। कई बार इस फाटक के बंद होने से बारातें लेट हो जाती हैं। फाटक पर लगने वाले जाम से क्षेत्रवासी काफी परेशान हैं, उन्हें काफी दिक्कतें उठानी पड़ती हैं। क्षेत्रवासियों कुलवीर सिंह, राजकुमार सिंह, अचल शर्मा, संदीप प्रधान (तिसोतरा), सुधीर चौधरी, चौ. वीरपाल सिंह, टिंकू शर्मा, रोहित चौधरी (चंदोक), राजपाल सिंह, महिपाल सिंह, मिंगपाल सिंह, साधुराम सिंह ( सुंगरपुर बेहड़ा ), अरुण कुमार, गजराज सिंह, महाराज सिंह, धर्मेन्द्र राणा, पुष्पेन्द्र कुमार (सौफतपुर), संतराम सिंह, सोमवीर सिंह, विजय सिंह, अजय बालियान, खालिक हुसैन, सोनू सिंह, राजबहादुर कर्णवाल, अखलाक हुसैन, अजीत कर्णवाल (नांगल) सहित हजारों व्यक्तियों ने भारत सरकार तथा रेल मंत्रालय से चंदक रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज अथवा अंडरपास बनवाने की मांग की है।

## जिस सांप ने काटा, उसे पकड़कर अस्पताल ले गया युवक

**स्योहारा ( चिंगारी )।** एक युवक के दुस्साहस से लोग अचंभित हो गये। युवक को सांप ने काट लिया था। जिस सांप ने उसे काटा, वह उसे लेकर अस्पताल पहुंच गया और डाक्टर से बोला कि इस सांप ने मुझे काट लिया है। यह देख डाक्टर भयभीत हो गये। मोहल्ला जोशियान निवासी 30 वर्षीय गौरव कुमार पुत्र किशन लाला को शनिवार को सायं करीब छः बजे सांप ने काट लिया था। खतरे के बावजूद गौरव ने हिम्मत दिखाई और जिंदा सांप को पकड़कर सीधे स्योहारा के सरकारी अस्पताल पहुंच गया। अस्पताल में मौजूद स्टाफ युवक की हिम्मत देखकर दंग रह गया। फिलहाल डॉक्टरों ने गौरव का उपचार शुरू कर दिया है। उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग भी अस्पताल पहुंच गए। मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। सीएचसी में युवक का उपचार किया गया।

## वॉलीबाल में बालक वर्ग की बी टीम ने किया ट्राफी पर कब्जा



खेल प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

**नगीना ( चिंगारी )।** एसकेएस पब्लिक हाईस्कूल में आयोजित खेल प्रतियोगिता के तहत वॉलीबॉल में बालक वर्ग की बी टीम ने ट्रॉफी पर कब्जा किया। स्कूल के खेल मैदान में हुई प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक रोहन गर्ग, प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार व कॉर्डिनेटर चंचल विश्नोई ने किया। विभिन्न खेलों में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बालक वर्ग के बैडमिंटन खेल में रमन हाउस के कार्तिक ने तथा बालिका वर्ग में कलम हाउस से लक्षिका ने बाजी मारी। खो-खो में टीम ए की भूमिका, काव्य, वंशिका, आयुषी, जानवी, कनिष्का, प्रियांशी तथा समीक्षा, काव्य रुहेला ने बाजी मारकर ट्रॉफी पर जीत हासिल की। वॉलीबॉल में बालक वर्ग की टीम बी ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विजेता खिलाड़ियों को स्कूल चेयरमैन विजय गर्ग ने पुरस्कृत किया।

## बन्द मकान का ताला तोड़कर नकदी सहित आभूषण चोरी

**नूरपुर ( चिंगारी )।** चोरों ने बन्द मकान का ताला तोड़कर नकदी सहित आभूषण चोरी कर लिए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दे दी है। कस्बे के मोहल्ला हज़रत नगर निवासी रियाजुद्दीन गत पांच नवम्बर को अपनी चचेरी बहन की शादी में शामिल होने परिवार सहित बरेली गया था। रविवार को वह लौटा तो उसके मकान का ताला टूटा हुआ था। देखकर उसके होश उड़ गए। मकान के अंदर गया तो अलमीरा का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी व आभूषण कंगन, पायल आदि सहित लाखों रुपए का कीमती सामान चोरी कर लिया। पीड़ित ने घटना के सम्बंध में पुलिस को तहरीर दे दी है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ित को शीघ्र ही चोरी के खुलासे का आश्वासन दिया। नगर में चोरों की बढ़ती सक्रियता से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। करीब दो सप्ताह पूर्व मोहल्ला रामनगर निवासी चिकित्सक रामपाल सिंह के बन्द मकान का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी सहित लाखों रुपए के आभूषण, लैपटॉप आदि चोरी कर लिये थे। पुलिस ने दो युवकों को नामजद करते हुए घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी शौर्य उर्फ नानू को जेल भेज दिया था, जबकि घटना का एक आरोपी सनी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है।

## किवाड़ गांव में हुई परशुराम की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा



**स्योहारा ( चिंगारी )।** ग्राम किवाड़ स्थित प्राचीन श्री शिव मंदिर में रविवार को भगवान परशुराम की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। हरिद्वार से आयी शांतिकुंज टीम ने विधिवत रूप से प्राण-प्रतिष्ठा कराई और गायत्री मंत्र का जाप किया। इस अवसर पर पूरे ग्राम में उत्सव का माहौल रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार के गन्ना राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी रहे। मंत्री ने कहा कि उन्हें आज एक शुगर मिल के पेराई सत्र के शुभारंभ में शामिल होना था, लेकिन मेरा सौभाग्य है कि उन्हें भगवान की सेवा का अवसर मिला। मंदिर परिसर में सुबह से ही पूजा-अर्चना, हवन और धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गए। आयोजन के बाद पूरे गांव में प्रसाद वितरण किया गया। समारोह में प्रभा देवी, विवेक कुमार त्यागी, रुपाली त्यागी, प्रिंस कुमार त्यागी, सुभाषचंद्र त्यागी, अशोक कुमार त्यागी, कमलवीर त्यागी, कपिल कुमार त्यागी, अनुज कुमार त्यागी, निधि त्यागी, पप्पी त्यागी, निशीकांत त्यागी, सीमा त्यागी, चंदकान्त त्यागी, सुनील शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सरकार ने नहीं दिया ध्यान साधू साफ करा रहे श्मशान

**स्योहारा ( चिंगारी )।** करोड़ों की लागत से बना श्मशान घाट विरान जंगल में बदल गया था। सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, जिसके बाद श्मशान में आए एक साधू ने वीरान जंगल की सफाई शुरू करा दी और मां काली की मुर्ति निर्माण कराने का कार्य शुरू कर दिया। लगभग दस दिन पहले आए साधू मानक गिरि महाराज मूलतः बुलंदशहर के किसी गांव जन्मे हैं, लेकिन बालपन से ही वह साधू बन गये और श्मशान में रहते हैं। साधू का कहना है कि वे यहां आए तो देखा जंगल में श्मशान बदल गया है। इसलिए वह यहां रूकर इसकी सफाई करा रहे हैं। जल्दी ही श्मशान घाट के मुख्य द्वार पर भी काम कराया जाएगा। श्मशान घाट की सफाई शुरू होने पर लोग साधू का साधूवाद कर रहे हैं।



सफाई के बाद श्मशान घाट का दृश्य

## वृद्ध रहे थे कांप, आभा फाउंडेशन ने 1200 से अधिक बुजुर्गो को दिये लिहाफ

**चांदपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र की प्रमुख सामाजिक संस्था आभा फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित लिहाफ वितरण समारोह में 60 वर्ष की आयु वाले 1200 से अधिक बुजुर्गो को लिहाफ का वितरण किया गया। लिहाफ पाकर वृद्ध, श्रीमती आभा सिंह को दुआए देते हुए अपने घरों को लौटे।

रविवार को फादरसन पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में आभा फाउंडेशन की संस्थापिका श्रीमती आभा सिंह, मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी, समाजसेवी ठाकुर रायबहादुर आर्य, खंड शिक्षाधिकारी जलीलपुर गजेन्द्र सिंह, शिवसेना जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह, मुनीश कुमार व रविन्द्र कुमार शर्मा आदि ने संयुक्त रूप से शिविर में आए वृद्ध लोगों को लिहाफ का वितरण किया गया। मालूम हो कि आभा फाउंडेशन के तत्वावधान में अब तक 6वीं बार निःशुल्क नेत्र चिकित्सा का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें अब तक 13 हजार से अधिक लोग लाभ उठा चुके हैं। इसके अलावा आभा फाउंडेशन की ओर से प्रतिवर्ष सर्दी के मौसम में




जरूरतमंद लोगों को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए हजारों की संख्या में लोगों को लिहाफ का वितरण किया जा चुका है, जरुरतमंद गरीब कन्याओं के हाथ पीले कराये जाने के साथ-साथ बाढ़ पीड़ितों में राहत सामग्री वितरित की गई। क्षेत्र की प्रमुख समाजसेविका एवं सामाजिक संस्था आभा फाउंडेशन की संस्थापिका श्रीमती आभा सिंह ने बताया कि 10 दिसम्बर को कन्याओं में साइकिल का वितरण किया जाएगा। श्रीमती आभा सिंह का कहना था कि उनका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग तक मदद पहुंचाना है, यह सेवा भाव उन्हें उनके पति पुष्पराज सिंह से प्रेरणा के रूप में मिला है। श्रीमती आभा सिंह का कहना था कि भविष्य में भी इस कार्य को जारी रखेंगी। आभा फाउंडेशन द्वारा जनहित में किये जा रहे कार्य की क्षेत्रवासी प्रशंसा कर रहे हैं।

# भारत-नेपाल सीमा के निकट छोड़ा गया पकड़ी गई मादा टाइगर को



पकड़ी गई मादा टाइगर और उसे सुहेलवा वन प्रभाग ले जाते वनकर्मी।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** शनिवार को अफजलगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मौ.पुर राजौरी से रेस्क्यू की गई मादा टाइगर को रविवार की देर शाम भारत-नेपाल सीमा के निकट स्थित सुहेलवा वन्यजीव अभ्यारण्य ले जाया गया है। इस टाइगर के बीते कुछ दिनों से थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम इमरतपुर व मच्छमार एवं थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम मौ.पुर राजौरी में विचरण से ग्रामीणों एवं वनकर्मियों की नींद हराम थी। बीते शनिवार को उसे ट्रेंकुलाइज उपरांत रेस्क्यू कर अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया के गेस्ट हाउस ले जाया गया था, जहां उसे रविवार की शाम तक पीलीभीत टाइगर रिजर्व एरिया से आए विशेषज्ञ पशु चिकित्सक डॉ. दक्ष गंगवार की देखरेख में रखा गया था। जहां से उसे रविवार की रात्रि भारत-नेपाल सीमा पर श्रावस्ती, बलरामपुर व गोंडा जिलों में फैले यूपी के सुहेलवा वन्यजीव अभ्यारण्य ले जाया गया है। विभागीय उच्चाधिकारियों के दिशा-निर्देशों के मुताबिक इस मादा टाइगर को सहयोगी वनकर्मियों की टीम सहित नगीना वन रेंज के क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा एवं विशेषज्ञ पशु चिकित्सक दक्ष गंगवार की निगरानी में ले जाया गया है। पिछले काफी दिनों से दहशत का पर्याय बने इस टाइगर के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने भारी राहत की सांस ली है, जबकि स्थानीय वनकर्मियों ने भी इस समस्या के समाधान पर काफी सुकून महसूस किया है।

# नि:शुल्क जमीन उपलब्ध होते ही किरतपुर में बनने लगेगा रोडवेज अड्डा



**किरतपुर ( चिंगारी )।** किरतपुर में रोडवेज़ बस स्टैण्ड के लिए प्रयासरत एड. तलहा मकरानी ने एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए, परिवहन निगम के बिजनौर के अधिकारियों के साथ एक सार्थक बैठक की। एड. तलहा मकरानी इस परियोजना की पूर्णता की प्रक्रिया पूरी होने के लिए अपनी प्रवृत्ति के चलते लगातार सुख-दु:ख में रोडवेज़ बस स्टैंड का शीघ्र अतिशीघ्र निर्माण का शुभारंभ हो जाये, के लिए क्षेत्रीय प्रबधक रोडवेज़ बिजनौर अशोक कुमार, वरिष्ठ स्टेशन प्रभारी रोडवेज़ मुकेश कुमार से कार्यालय में भेंट कर जनहितैषी अपनी लम्बे समय से की जा रही मांग पर वार्तालाप की। तलहा मकरानी किरतपुर में रोडवेज़ बस अड्डा मंजूरी की प्रक्रिया कहां तक बढ़ी। अशोक कुमार प्रबंधक बिजनौर कार्यालय से जिलाधिकारी बिजनौर से भेंट कर परिवहन विभाग की पत्र फाईल देकर नि:शुल्क जमीन उपलब्ध कराने की मांग की है। आगे उन्होंने बताया जैसे ही प्रशासन स्तर से नि:शुल्क जमीन उपलब्ध हो जायेगी, किरतपुर में रोडवेज़ बस स्टैण्ड का निर्माण सुचारू रुप से हो जायेगा।

# दबंगों ने स्पेयर पार्ट्स की दुकान पर करके हमला, दो को घायल किया

**नहटौर ( चिंगारी )।** त्यागी स्कूल के सामने स्थित स्पेयर पार्ट्स की दुकान पर शनिवार शाम दबंगों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दुकान संचालक और उसके साथी को घायल कर दिया। पुलिस को दी तहरीर में ग्राम नारायणखेड़ी निवासी तुषार कुमार ने बताया कि शनिवार की शाम अपनी दुकान पर बैठा था। इसी दौरान पड़ोस में मिठाई की दुकान चलाने वाला वकील अहमद पुत्र खलील अपने पुत्र नबील, शमीम, आज़म, नाज़िम निवासी ताहरपुर सैद उर्फ तरकौला सहित आठ नौ अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचा। आरोप है कि उन्होंने जान से मारने की नीयत से दुकान में घुसकर उन पर हमला कर दिया। हमले में तुषार और उसका मित्र प्रेमदीप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर आसपास के दुकानदार मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि आरोपियों में चार लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## दुकान के गंदगी डालने पर हुई थी मामूली कहासुनी

*पीड़ित तुषार ने बताया कि पड़ोस में मिठाई की दुकान चलाने वाला वकील गंदगी उसकी दुकान के सामने डाल देता था। इस बात को लेकर दोपहर को उससे मामूली कहासुनी हो गई थी। आरोपी ने अपने परिजनों व साथियों के साथ मिलकर शाम के समय अचानक उस पर हमला कर दिया।*

# नशा मुक्ति पर विहिप-बजरंग दल ने किया गोष्ठी का आयोजन



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** दयानंद जनता इंटर कॉलेज हीमपुर दीपा में बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले नशा मुक्ति को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभाग संगठन मंत्री जैलेश कुमार का मार्ग निर्देशन रहा। कॉलेज परिसर पर आयोजित कार्यक्रम में 1500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। दौड़ प्रतियोगिता में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी विशांत शर्मा, दिशु कुमार, विवेक कुमार, विकास कुमार को बजरंग दल की ओर से क्रमश: प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ स्थान के लिए एक-एक शील्ड और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला संयोजक बजरंग दल अरुण चौधरी, विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सौरभ शर्मा, बजरंग दल के जिला बलो उपासना प्रमुख गौरव चौधरी, बजरंग दल प्रखंड मंत्री श्रवण सिंह, प्रखंड संयोजक विकास राहुल बजरंगी, प्रधानाचार्य योगेश पाल सिंह, शारीरिक शिक्षक विजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# निर्मल आश्रम के आई कैम्प में 295 मरीजों का हुआ नि:शुल्क चैकअप

**हल्दौर ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब हल्दौर के सौजन्य से निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से लगाए गये नेत्र चिकित्सा शिविर में 295 मरीजों का नि:शुल्क चैकअप किया गया। सीडी इंटर कॉलेज हल्दौर में रविवार को लगाए गए नि:शुल्क कैंप में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए 125 मरीज चिन्हित किए गए। कैंप संयोजक रो.जितेंद्र कुमार मारवाड़ी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को 43 मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए ऋषिकेश भेज दिया गया। शेष मरीजों को सोमवार ओर मंगलवार को भेजा जाएगा। कैंप में निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश से संजय बरथवाल, शुभम कुमार का विशेष सहयोग रहा। रोटरी क्लब हल्दौर की ओर से रो.देवेन्द्र रस्तौगी, सुरेंद्र पाल सिंह, प्रवीण रस्तौगी, डा. राजीव शरण शर्मा, संजय रस्तौगी उपस्थित रहे।



# पीएनबी जलीलपुर के हिमांशु शर्मा को किया सम्मानित

**चांदपुर ( चिंगारी )।** एल डी एम कार्यालय बिजनौर में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा योजना में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पंजाब नेशनल बैंक मित्र शाखा जलीलपुर के हिमांशु शर्मा को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

पंजाब नैशनल बैंक की सर्किल हैड अजीत पांडे द्वारा प्रा. लि. कंपनियों के अधिकारयों एवं बैंक मित्रों के साथ बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्किल हैड द्वारा एनपीए हुए खातों से रिकवरी करना, जीरो बैलेंस के खाते खोलना और ज्यादा से ज्यादा लोगों को सामाजिक सुरक्षा योजना के बारे में जानकारी देना व सामाजिक सुरक्षा योजना करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पंजाब नैशनल बैंक के सर्किल हैड अजीत पांडे द्वारा संतोष फिनीलीज प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के पंजाब नैशनल बैंक मित्र शाखा जलीलपुर के हिमांशु शर्मा को मंडल कार्यालय बिजनौर में



सामाजिक सुरक्षा योजना में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ति-पत्र एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पंजाब नैशनल बैंक के सर्किल हैड अजीत पांडे जी, शास्त्रा हैड जितेंद्र झा, एफ आई मैनेजर धैर्या गौड, संतोष फिनीलीज के स्टेट हैड हर्ष मालिक, संतोष फिनीलीज के सुपरवाइजर रजनीश शर्मा, अतियाती आदि कंपनियों के अधिकारी और बैंक मित्र मौजूद रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# बिजनौर टाइम्स की 62वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में काव्य गोष्ठी का आयोजन

## शायरों-कवियों ने समां बांधा





बिजनौर (चिंगारी)। बिजनौर टाइम्स की 62वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 'स्वप्न लोक' में आयोजित काव्य गोष्ठी में कवि का यह स्वर उभरा- बिजनौर टाइम्स केवल अखबार ही नहीं आंदोलन है। यह स्वर था- कविवर गिरीश त्यागी का। उन्होंने आगे कहा-अख़बार का एक-एक शब्द केवल समाचार ही नहीं संबोधन है।

बिजनौर टाइम्स के प्रधान संपादक श्री चंद्रमणि रघुवंशी की अध्यक्षता तथा शायर एवं पत्रकार मरगूब रहमानी के संचालन में हुई कवि गोष्ठी में बिजनौर शहर के कई कवियों-शायरों ने अपनी रचनाओं से समां बांध दिया। मनोरंजन शर्मा ने काव्य पाठ करते हुए कहा- कैसे पीर कुआंरी का दुल्हन सा करूं सिंगार/कैसे मिले धड़कने का धड़कन को कार यार, कब यादों के नयन पीर से मिले होंगे दो चार। युवा शायर मैराज बिजनौरी ने कहा- कल इक कुम्हार के आंसू बता रहे थे हमें/उदास चाक पे बर्तन उदास रहता है। युवा कवि दीप अंजुम ने अपने विचार यूं व्यक्त किये- आइना क्यों गुरुर से देखो/ खुद को भी थोड़ा दूर से देखो। कवि डॉ. दिग्विजय चौधरी ने कहा- लोग कहते हैं बहुत सुलझा हुआ हूं मैं/ मुझे पता है कितना उलझा हुआ हूं मैं। शायर अमीर नहटौरी ने इस शेर पर खूब दाद बटोरी- वो जिसने प्यार से बरसो तुम्हें पुकारा है/ धड़कते दिल की वो आहें सलाम कहती हैं।

हास्य कवि हुक्का बिजनौरी ने अपनी मूल विधा हास्य-व्यंग्य को छोड़कर कविताएं प्रस्तुत कीं। एक मुक्तक में उन्होंने कहा- अब तो मुझे प्यार पर विश्वास हो गया/हर दिन मेरे लिये मधुमास हो गया। पहले लघु कथा की तरह जी रहा था मैं/जबसे मिले हो तुम उपन्यास हो गया।

डॉ. अशोक शर्मा ने कई दुमदार दोहे सुना कर व्यंग्य से महफिल को सराबोर कर दिया। उन्होंने अपने इस गीत पर खूब वाहवाही लूटी- रामचंद्र ने सिया से सही कही थी बात/ हंसों को दाना नहीं, कव्वे खावें भात। राम जी तेरी दुहाई, रीत ये कैसी आई। युवा शायर आरिफ गांधी को इस शेर पर खूब दाद मिली। आंगन में खिली धूप थी, चर्चा में तेरा नाम था। मुशायरों के प्रसिद्ध संचालक फाखिर अदीब ने कहा- नहीं रहता हमेशा एक मौसम/तेरी आंखों से अब हम बह रहे हैं। फारुक बिजनौरी ने तरन्नुम से गजल सुनाई। उन्होंने कहा- सुना है बज्म-ए-यारा में मेरे वो रुबरु होंगे/जहे किस्मत वो मुझसे आज गुफ्तुगू होंगे। मरगूब रहमानी को इस शेर पर खूब दाद मिली- बताओ चिढ़ है क्यों जिल्ले इलाही आपको सच से/दवा कड़वी तो होती है, मगर आराम देती है। युवा कवि नरेंद्र शिखर ने इस शेर पर खूब वाहवाही लूटी- जब जुबां पर आ गई मेरे कभी मजबूरियां, प्यार का लहजा यकायक तेज खंजर हो गया। डॉ. अनिल चौधरी ने कई अच्छी कविताएं सुनाईं। उन्होंने कहा- कब तलक बनकर धुआं सुलगेगा तू/ मिल हवा से और फिर इक आग बन। वरिष्ठ कवि डॉ. अजय जनमेजय ने कई शानदार कविताएं सुनाईं। उनका ये शेर बहुत पसंद किया गया- चाहता है मैं उसे घर भी कहूं/वो जो पिंजरे में पालता है मुझे।

कवि गोष्ठी में मौजूद सभी कवियों/शायरों का श्री चंद्रमणि रघुवंशी ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम के शुरू में वरिष्ठ अधिवक्ता खुर्शीद मोहसिन जैदी ने बिजनौर टाइम्स के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। बिजनौर नगर में एक अर्से बाद उच्च स्तरीय साहित्यिक कार्यक्रम के आयोजन ने बिजनौर टाइम्स की वर्षगांठ को सार्थक कर दिया। कवि गोष्ठी रात्रि साढ़े 9 बजे तक सफलतापूर्वक चलती रही।

## किसानों ने समस्याओं को लेकर किया धरना-प्रदर्शन



नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने किसान सहकारी चीनी मिल में किसान के गन्ने की प्रजाति को लेकर हुए विवाद के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने जीएम प्रजापति व सीसीओ एके तिवारी के सामने अपनी समस्या रखी। किसान यूनियन टिकैत के युवा प्रदेश महासचिव वरिंदर बाठ ने कहा मिल में गन्ने की सभी प्रजाति तौली जाए तथा गन्ने की तौल पिछले साल की तरह ही तौल कांटे पर की जाए, मिल से उड़ने वाली छाई की रोकथाम की जाए, ताकि किसानो को परेशानी ना हो, सरकार द्वारा घोषित किये गये गन्ने के रेट को पर्ची पर अंकित किया जाए, 14 दिन में पेमेंट किया जाए। इन समस्याओं को लेकर मिल अधिकारियों को ज्ञापन भी दिया गया। इस मौके पर किसानों की ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर भी लगाए गए। मिल के जीएम व डीएम जसजीत कौर से कोटद्वार रोड पर नेशनल हाइवे निर्माण को जल्दी करवाने के लिए मांग की गई। इस अवसर पर किसान सुच्चा सिंह विर्क, बलविंदर सिंह, अवतार सिंह सैंडी, रंधावा, गुरवैल बाठ, मनप्रीत, बूटा, अमृतपाल सिंह, हरप्रीत सिंह, जसपाल सिंह, कहान सिंह, राजू सिंह आदि मौजूद रहे।

## मूलचंद एकेडमी के बच्चों ने स्पोर्ट्स मीट में किया प्रदर्शन


स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ करते अतिथिगण।

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मूलचन्द एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर दो दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स मीट के अंतिम दिन का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक अनिल चैहान एडवोकेट, प्रधानाचार्या श्रीमती ममता चौहान एवं उप प्रधानाचार्य डीएस राठौर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत मार्च पास्ट द्वारा किया गया। नन्हें- मुन्ने बच्चों ने दूसरे दिन खो-खो, साइकिल रेस, शॉर्ट पुट, डिस्कस थ्रो, बॉलीबॉल व रस्साकशी आदि खेलों में प्रतिभाग कर उनका आनंद लिया। सबसे आकर्षण का केंद्र रस्साकशी व बॉलीबॉल रहा। शिक्षक व शिक्षिकाएं भी खेलों में हिस्सा लेकर आकर्षण का केंद्र बने रहे। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल वितरित किये जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन मिस सना जहीर व सत्यम कुमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के पीजीटी. कोऑर्डिनेट कफीलुर्रहमान, टीजीटी कोऑर्डिनेट शिवानी अग्रवाल, पीआरटी कोऑर्डिनेटर स्वाति सिंह, प्री प्राइमरी कोऑर्डिनेटर श्रीमती पारुल यादव, पीटीआई अजीत सिंह व श्रीमती रूबी मैम व अन्य समस्त विद्यालय परिवार का सहयोग रहा।

## खेलकूद में स्थान पाने वाले बच्चों को सम्मानित किया




नजीबाबाद (चिंगारी)। सन शाइन पब्लिक स्कूल फजलपुर तबेला में बाल दिवस पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा नर्सरी के छात्र-छात्राओं से लेकर कक्षा बारहवीं तक के सभी छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक विनोद मित्तल व प्रधानाचार्य आलोक अग्रवाल ने मशाल जलाकर किया। साथ ही स्कूल के सीनियर छात्र-छात्राओं को हेड बॉय, हेड गर्ल, वॉइस हेड बॉय, वॉइस हेड गर्ल, कनविनर बॉय, गर्ल, कैप्टन आदि बनने पर प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। खेल प्रतियोगिता में सिंपल रेस, लेमन रेस, जंपिंग रेस, रीले रेस ,सर्किल बोटल गेम, बुक बैलेंस, थ्री लेग रेस, कबड्डी, वॉलीबॉल आदि को शामिल किया गया। खेलों में उज्ज्वल, बुलबुल, इशांत, रियालिका सनब, हानिया, ख्याति, आरव, इशांत, आरोही, उर्वशी, तनिष्क, हेमंत, अपूर्वा, अनाया, अनु, अशित, जिकरा, प्रियांशी, रुही, आयुष, अरहान, अली, विराज, मूसा, रक्षित, साहरान, अरहम आदि ने स्थान पाया। प्रबंधक विनोद मित्तल ने कहा कि खेलकूद से बच्चों का शारीरिक व मानसिक दोनों ही तरह का विकास होता है। इस अवसर पर शिक्षक प्रमोद, अर्जुन, मनीष, अभिजीत, अनु सिंघल, नीलम, माधवी, निधि, पिंकी, रेनू, हेमा, सुरभि, रिया, गुनगुन, सरिता, काशिफा, मीनू, खुशबू आदि ने बच्चों की प्रशंसा की।

गीजर ही गीजर





खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
हमारे यहां एलईडी बल्व, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

# दुगड्डा ब्लॉक स्तरीय विद्यालयों की वरिष्ठ वर्ग की संस्कृत प्रतियोगिताएं आयोजित

## संस्कृत समूह नृत्य में जीजीआईसी दुगड्डा प्रथम

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हरिद्वार द्वारा आयोजित खण्ड स्तरीय संस्कृत स्पर्धाओं के द्वितीय दिवस शनिवार को मेहरबान सिंह कण्डारी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में दुगड्डा ब्लाक के विद्यालयों की वरिष्ठ वर्ग की संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्कृत समूह नृत्य में राबाइंका दुगड्डा अव्वल रहा।

प्रतियोगिताओं का आरंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रवेश चन्द्र नवानी सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है। इसके प्रचार प्रसार के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम लगातार होते रहें तो वह दिन दूर नहीं जब संस्कृत पुन: जन जन की भाषा बन जायेगी और अपना खोया सम्मान पुन: प्राप्त कर लेगी। तत्पश्चात आयोजित प्रतियोगिताओं के अंतर्गत संस्कृत समूह नृत्य में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दुगड्डा, राजकीय इंटर कॉलेज कण्वघाटी, और महर्षि कण्व विद्या निकेतन कण्व घाटी, संस्कृत समूहगान में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दुगड्डा, और राजकीय इंटर कालेज कण्व घाटी, क्रमश: प्रथम द्वितीय व तीसरे स्थान पर रहा। संस्कृत नाटक में मेहरबान सिंह कण्डारी सरस्वती विद्या मंदिर ने पहला व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दुगड्डा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। संस्कृत वाद-विवाद में महर्षि कण्व विद्या निकेतन कण्वघाटी प्रथम, मेहरबान सिंह कण्डारी सरस्वती विद्या मंदिर द्वितीय व मदर लैण्ड एकेडमी तृतीय स्थान पर रहा। संस्कृत आशु भाषण में राजकीय इं कालेज कण्वघाटी ने पहला,राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दुगड्डा ने दूसरा और एम के वी एन कण्वघाटी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। श्लोकोच्चारण में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार पहले, मेहरबान सिंह कण्डारी सरस्वती विद्या मंदिर दूसरे और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज लालपानी तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में सुषमा दास, कुलदीप मैंदोला, अरुण कुमार परिन्दियाल, खण्ड संयोजिका बीना गौड़, रमाकांत कुकरेती, रोशन बलूनी, पूजा घनसेला और विनीता विष्ट आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी सहयोग दिया।

## रिखणीखाल में नियमित तहसीलदार की नियुक्ति करने की मांग की

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रिखणीखाल ब्लाक के विभिन्न गांवों के बेरोजगारों ने रिखणीखाल तहसील में नियमित तहसीलदार की नियुक्ति के साथ ही उपजिलाधिकारी से भी सप्ताह में दो दिन तहसील में उपस्थित रहने की मांग की है। कहा कि इससे उनके प्रमाण-पत्र आसानी से बन जायेंगे। इस संबंध में रिखणीखाल ब्लाक के कांडा, तैड़िया, गाडियों निवासियों सहित राजकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों ने रविवार को ग्राम पंचायत काण्डा की प्रधान बिनीता ध्यानी के समक्ष अपनी पीड़ा रखी। कहा कि उन्हें जन्म प्रमाण पत्र, स्थायी व अन्य प्रमाण पत्र जारी करने के आदेश के लिए लैंसडौन एसडीएम कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिसमें उनका धन और समय दोनों बर्बाद होते हैं। जिस पर प्रधान विनीता ध्यानी ने समस्या को दूरभाष के माध्यम से एडीएम पौड़ी के समक्ष उठाया। जिस पर एडीएम ने इस संबध में उन्हें आश्वस्त किया कि वे इस संबंध में जिलाधिकारी के साथ विचार विमर्श कर समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करेंगे।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का गृह संपर्क अभियान प्रारंभ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कोटद्वार का गृह संपर्क अभियान आरंभ हो गया है। रविवार को अभियान का आरंभ श्री सिद्धबली मंदिर में पूजा अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर विभाग धर्मजागरण प्रमुख रवींद्र ने बताया कि अभियान 14 दिसंबर तक चलेगा। अभियान के अंतर्गत संघ स्वयं सेवक लोगों से सीधे जन संपर्क कर संगठन के बारे में जानकारी देने के साथ ही उनके साथ शिक्षा, संस्कृति व राष्ट्रभक्ति पर चर्चा भी करेंगे। बताया कि अभियान का आरंभ ग्रास्टनगंज से किया जा रहा है। इस अवसर पर नगर संघ चालक बी एस रावत, जिला प्रचारक कमल, विजयानंद, महिमानंद और अनुज सहित अन्य स्वयं सेवक मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का पांच दिवसीय अनुभवात्मक प्रशिक्षण शिविर समाप्त

### विकास खण्ड के 58 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक हुये शामिल

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** विकास खण्ड जयहरीखाल केबीआरसी खुंडोली में आयोजित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों का पांच दिवसीय अनुभवात्मक प्रशिक्षण रविवार को सम्पन्न हो गया है, जिसमें विकासखंड के 58 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान संदर्भदाता मोहन सिंह गुसाईं, अर्जुन सिंह नेगी, भाष्कर काला व सुबोध काला ने प्रशिक्षु प्रधानाध्यापकों को निपुण भारत मिशन, अद्यतन प्रगति एवं पुनरावलोकन, निपुण भारत मिशन के संशोधित लक्ष्य, दक्षता आधारित आकलन, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य, वाल वाटिका, मिड लाइन परिणामों पर प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा, गुणवत्तायुक्त नवाचारी शैक्षिक कार्यक्रम, विद्यालय में पुस्तकालय का उपयोग, विद्यालयों में आई सी टी का प्रयोग, प्रश्न पत्र निर्माण, सड़क सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, परख अभ्यास, विद्यालय संस्कृति, ड्रग्स एवं नशे से बचाव व मोबाइल की लत से बचाव आदि विषयों पर जानकारी दी। नोडल अधिकारी अनिल मैंदोला ने प्रतिभागी प्रधानाध्यापकों से प्रशिक्षण में सीखे तरीकों से छात्र-छात्राओं को लाभान्वित करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार चंद ने पूरी टीम को शुभकामनाएं प्रेषित की।

इस दौरान सह नोडल अधिकारी धीरेन्द्र सिंह बिष्ट, प्रशिक्षण कार्यक्रम के संयोजक चंद्रमोहन सिंह रावत, बी आर पी अंजली भास्कर, कृष्णा नेगी, अंजू कुकरेती, विजया उनियाल, बीना भारद्वाज, उर्मिला गुसाईं, ताजवर सिंह, रवींद्र रावत, मनमोहन सिंह, इंद्रमोहन, विजय दीपक व मुहम्मद इदरीश सहित अन्य प्रधानाध्यापकों ने प्रतिभाग किया।

## राज्य व्यापार मंडल महानगर हरिद्वार की कार्यकारिणी का विस्तार

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** राज्य व्यापार मंडल महानगर हरिद्वार की बैठक देवपुरा स्थित एक होटल में प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र कोटाला की अध्यक्षता व महानगर अध्यक्ष संदीप अग्रवाल के संचालन में आयोजित की गई। बैठक में संदीप अग्रवाल ने महानगर कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए सोनाल गर्ग, विपिन गर्ग, मीनू शर्मा, विपीन गुप्ता को उपाध्यक्ष, अंकित माहेश्वरी, अनंत पाण्डे, संदीप गोस्वामी, मुकुल सैनी को महामंत्री, चन्दर संसारिया, रोहित रोतेला, पंकज भारद्वाज को संगठन मंत्री, मोनू गुप्ता, राकेश बिष्ट, तुषार चौधरी, मनोज विश्नोई को सचिव, सागर कुमार प्रजापति को प्रवक्ता तथा विकास शर्मा, देव चौटाला, राकेश सिंघल, नितिश मल्होत्रा, काले भाई व पवन अरोड़ा को कार्यकारिणी सदस्य घोषित किया। प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र चौटाला ने कहा कि व्यापारी, राज्य व्यापार मंडल से जुड़ रहे है। उन्होंने नवनियुक्त कार्यकारिणी को व्यापारियों के हितों की रक्षा का संकल्प दिलाते हुए व्यापारी हित में कार्य करने का आह्वान किया। इसी के साथ उन्होंने प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नितिन चौहान को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया। उधर कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुनीत अरोड़ा ने कहा कि पूरे प्रदेश में व्यापारी आयोग की मांग को लेकर समस्त व्यापारी संगठनों से बात करने के बाद सरकार तक अपनी मांग पहुंचायी जाएगी।

## स्पर्श हिमालय विश्वविद्यालय में लंग कैंसर माह के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### फेफड़ों के कैंसर की रोकथाम व उपचार की जानकारी दी



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** डोईवाला स्पर्श हिमालय विश्वविद्यालय में आयोजित लंग कैंसर जागरूकता माह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एम्स ऋषिकेश के कैंसर रोग विशेषज्ञ सह आचार्य डॉ. अमित सहरावत और क्लीनिकल रिसर्च कोऑर्डिनेटर अंकित तिवारी द्वारा की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फेफड़ों के कैंसर की रोकथाम और उपचार पर छात्रों को जानकारी प्रदान करना था इस अवसर पर डॉ. अमित सहरावत ने बताया कि फेफड़ों का कैंसर विश्व स्तर पर कैंसर से होने वाली मौतों में सबसे प्रमुख कारण है और भारत में इस बीमारी के अधिकतर मामले देर से पहचाने जाते हैं, जिससे इलाज में कठिनाई उत्पन्न होती है। डॉ. सहरावत ने यह भी बताया कि भारत में फेफड़ों के कैंसर के अधिकतर मामलों का मुख्य कारण धूम्रपान, वायु प्रदूषण और अस्वास्थ्यकर जीवनशैली है।

उन्होंने यह भी कहा कि फेफड़ों के कैंसर का निदान शुरुआती लक्षणों की अस्पष्टता के कारण चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इसके निदान के लिए इमेजिंग और बायोप्सी जैसी आधुनिक तकनीकों की आवश्यकता होती है। इस दौरान छात्रों को फेफड़ों के कैंसर के मिथकों और वास्तविकताओं के बारे में भी जानकारी दी गई, ताकि समाज में फैली भ्रांतियों को दूर किया जा सके। हिमालयीय कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या डॉ. अंजना विलियम्स ने कहा कि इस कार्यक्रम ने न केवल चिकित्सकीय पहलुओं को समझाने का अवसर प्रदान किया, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने के लिए एक प्रेरणा स्रोत भी सिद्ध हुआ है। आयोजन में छात्र-छात्राओं ने कैंसर के बारे में अपने प्रश्न पूछे और चिकित्सकों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का संचालन नर्सिंग ट्यूटर उपासना क्षेत्री ने किया, और अंत में सहायक आचार्य नेहा शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में सहायक आचार्य रुचि नेगी, नर्सिंग ट्यूटर सोनाली राणा और नर्सिंग छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे।

## वरिष्ठ वर्ग की संस्कृत प्रतियोगिताओं का आयोजन

### प्रथम, द्वितीय विजेता, जनपद प्रतियोगिता में लेंगे भाग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हरिद्वार द्वारा आयोजित खंडस्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस शनिवार को विकासखंड बीरोंखाल के राजकीय इंटर कॉलेज बीरोंखाल में वरिष्ठ वर्ग की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खंड संयोजक डॉ. कुलदीप गौड़ ने बताया कि वरिष्ठ वर्ग की संस्कृत नाटक प्रतियोगिता में जनता इंटर कॉलेज कोटिला ने प्रथम, पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज बैजरो ने द्वितीय व राजकीय इंटर कॉलेज बीरोंखाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत समूह नृत्य प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज बैजरो प्रथम, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बीरोंखाल द्वितीय और राजकीय इंटर कॉलेज भगवती तलैया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत वाद-विवाद प्रतियोगिता में राजकीय इण्टर कॉलेज स्यूंसी की छात्रा रिया व दीपिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्कृत आशुभाषण में राजकीय इण्टर कॉलेज स्यूंसी की छात्रा प्रतीक्षा ने प्रथम पब्लिक इंटर कालेज चौखाल की छात्रा तनीषा ने द्वितीय और राजकीय इण्टर कॉलेज भरोरीखाल के छात्र उत्कर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में पीएम श्री राइंका बैजरौ की अंशिका पहले, राजकीय इण्टर कॉलेज स्यूँसी की संतोषी दूसरे और राजकीय इण्टर कॉलेज घोड़ियानाखाल के सचिन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी जनपद स्तर पर प्रतिभाग करेंगे जो 21 एवं 22 नवंबर को कोटद्वार में संपन्न होगी। अंत में प्रशासनिक अधिकारी विकासखंड बीरोंखाल हरीश कुमार एवं विद्यालय प्रधानाचार्य कुलदीप बिष्ट ने प्रतियोगिता के सफल संचालन शिक्षकों की पूरी टीम को शुभकामनाएं प्रेषित की।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटिर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास के मामले में मांगी रिपोर्ट

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** चंदोक रेलवे स्टेशन पर रेलवे क्रॉसिंग संख्या 495 बी पर अंडरपास के लिए मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से रिपोर्ट मांगी गई है। आदर्शनगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में रेल मंत्रालय को भेजी एक शिकायत में अवगत कराया था कि चंदोक रेलवे स्टेशन पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 495 बी जो कि सहायक मंडल अभियंता रुड़की के अधीन आता है, उक्त मार्ग पर एक व्यस्ततम मार्ग है तथा आयेदिन यहां पर जाम लगता रहता है। गन्ने का सीजन शुरू हो चुका जिससे गन्ने के ट्रक भी बड़ी संख्या में जा रहे हैं। उक्त रेलवे क्रॉसिंग पर 24 घंटे में लगभग 120 ट्रेन अप व डाउन गुजरती हैं। सुरक्षित आवागमन के लिए यहां पर अंडरपास का निर्माण बेहद जरूरी है। इस संबंध में संबंधित रेल मंत्रालय ने अपर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय मुरादाबाद में अपर मंडल रेल प्रबंधक परितोष गौतम से आख्या रिपोर्ट मांगी है।

## जवाहर लाल नेहरू ने देश को बुलंदियों पर पहुंचाया: रईस

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर कांग्रेस कमेटी नजीबाबाद नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी के पठानपुरा स्थित निवास पर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने नेहरु जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी ने कहा देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश को बुलंदियों पर पहुंचाया। नगर महासचिव नदीम फारूकी ने कहा नेहरु जी ने स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई है। महात्मा गांधी जी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अंग्रेजों के विरुद्ध आन्दोलन किए, कई बार जेल भी जाना पड़ा। आजादी के बाद प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा की। इस अवसर पर रईस कुरैशी, नदीम फारूकी, उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, पूर्व जिला सचिव अल्पसंख्यक नईमुल अख्तर, डॉ. इकबाल खान, डॉ. सलीम सैफी, सिताब खान, डॉ. अनस, शराफत चौधरी, शहबाज मुल्तानी, जफर आलम, परवेज अली आदि मौजूद रहे।

## शोक संदेश/आरिष्टी



मान्यवर! अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय पिताजी श्री वीरेंद्र कुमार कपूर जी का स्वर्गवास 10.11.2025 दिन सोमवार को हो गया था। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। उनकी तेरहवीं एवं रस्म पगड़ी 19.11.2025 दिन बुधवार को होनी निश्चित हुई है।

**कार्यक्रम**

रस्म पगड़ी ( दसवां )........... प्रातः 10:30 बजे

स्थान-चार्जो वाला मंदिर मोहल्ला अचारजान, बिजनौर

हवन...... दोपहर 1:00 बजे/ ब्रह्मभोज ....... दोपहर 2:00 बजे

**स्थान- निज निवास स्थान मोहल्ला अचारजान, निकट शिव मंदिर, बिजनौर**

-शोकाकुल परिवार-

संजीव कुमार कपूर, सुमित कुमार कपूर ( पुत्रगण )

एवं समस्त कपूर परिवार, बिजनौर

मो. 9871204488, 8006690016




## पीस मॉडल स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** पीस मॉडल स्कूल साहनपुर में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 100 मीटर दौड़ में हमजा, फात्मा परवीन, अरहान, कुर्सी दौड़ में आफिया परवीन, आलिया रवेज, कु. हनी, चम्मच दौड़ में मौ. असद, मौ. अमान, मौ. जावेद, रूमाल उठाओ में अरीबा परवीन, आफिया परवीन, जोया, आलिया, इनाया, फरीहा, हनी ने स्थान प्राप्त किया। खो-खो में मौ. असद, मौ. जावेद, सोफियान, आरवा, फय्याज, अयान की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में कु. निकिता, नीशु व नज़रा परवीन का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें पंडित जवाहर लाल नेहरू को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसमें कांग्रेस के जिला सचिव एम. अकरम खां एड., मकसूद अहमद, गोविंद सिंह कुशवाह, मौ. इकबाल, अभिनव अग्रवाल, शारिब अंसारी, अभिनव अग्रवाल, राकेश शर्मा, शराफत हुसैन, खालिक हुसैन, वसीम अख्तर आदि मौजूद रहे।

